CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -331 राजनांदगांव, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## विदेश सचिव का बड़ा ऐलान : भारत-चीन के बीच एलएसी पर गश्त को लेकर बनी सहमति, जल्द पीछे हटेंगे चीनी सैनिक



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिक्स समिट में शिरकत से पहले भारत और चीन के बीच बड़ा समझौता हुआ है। दोनों देश लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर पेट्रोलिंग के लिए सहमत हो गए हैं। इससे पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझ सकता है और टकराव में कमी आएगी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और चीन में सीमा पर पेट्रोलिंग सिस्टम को लेकर समझौता हुआ है। इससे मई, 2020 से पहले की स्थिति वापस आएगी। इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को ही इस समझौते की जानकारी दी थी। साथ ही उन्होंने बताया था कि पेट्रोलिंग के नए सिस्टम पर सहमति के बाद दोनों देश सेनाएं पीछे हटा सकते हैं। देपसांग प्लेन डेमचोक में सैनिकों को पेट्रोलिंग पॉइंट्स पर जाने की इजाजत अभी नहीं है। यहां सेनाएं अभी मौजूद हैं। पेट्रोलिंग का नया सिस्टम इन्हीं पॉइंट्स से संबंधित है। इससे गलवान जैसे टकराव को टाला जा सकेगा।

### बैठकों की मदद से तनाव खत्म करने की कोशिशें जारी

सितंबर की शुरुआत में विदेश मंत्रालय ने भारत-चीन रिश्तों के मौजूदा हालात को लेकर अपडेट दिया था। उन्होंने कहा था कि बातचीत जारी रखने और वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोऑर्डिनेशन बैठकों के माध्यम से तनाव को सुलझाने की कोशिशें जारी हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि विदेश मंत्री एस जयशंकर कई फोरम में लगातार चीन के साथ संबंधों पर चर्चा कर चुके हैं। 15 जून 2020 को चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को जमा किया था। इसके बाद कई जगह पर घुसपैठ की घटनाएं हुई थीं। भारत सरकार ने भी इस इलाके में चीन के बराबर संख्या में सैनिक तैनात कर दिए थे। हालात इतने खराब हो गए कि 'एलएसी' पर गोलियां चलीं। इसी दौरान 15 जून को गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ हुई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### जिनेवा में विदेश मंत्री ने कहा था- चीन से विवाद का 75 % हल निकला

विदेश मंत्री जयशंकर ने 12 सितंबर को स्विट्जरलैंड के शहर जिनेवा में एक समिट के दौरान कहा था कि चीन के साथ विवाद का 75त्न हल निकल गया है। विदेश मंत्री ने ये भी कहा कि सीमा पर बढ़ते सैन्यीकरण का मुद्दा अभी भी गंभीर है। जयशंकर ने कहा कि 2020 में चीन और भारत के बीच गलवान में हुई झड़प ने दोनों देशों के रिश्तों को बुरी तरह प्रभावित किया है। सीमा पर हिंसा होने के बाद कोई यह नहीं कह सकता कि बाकी रिश्ते इससे प्रभावित नहीं होंगे। हालांकि, 25 सितंबर को न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में उन्होंने 75त्न विवाद हल होने वाले अपने बयान को लेकर सफाई दी। उन्होंने कहा, मैंने यह बात सिर्फ सैनिकों के पीछे हटने के संदर्भ में कही थी।

### 2020 में गलवान में हुआ था चीन-भारत की सेना में टकराव

आर्मी चीफ ने कहा था- हमें लड़ना भी है, सहयोग भी करना है. 1 अक्टूबर को भारत के आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने कहा था कि चीन के साथ भारत के हालात स्थिर हैं, लेकिन ये सामान्य नहीं हैं, काफी संवेदनशील हैं। चीन के साथ हमें लड़ना भी है, सहयोग करना है, साथ रहना है, सामना करना है और चुनौती भी देनी है। उन्होंने कहा था कि भारत और चीन के बीच अप्रैल से अब तक कमांडर लेवल की 17 बैठकें हुई हैं। इन बैठकों में हमने कई मुद्दों पर चर्चा की है।

## कनाडा के दोहरे चरित्र पर बरसे विदेश मंत्री एस जयशंकर, बोले-भारत के राजनयिकों के साथ सौतेला व्यवहार



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा के साथ जारी तनाव पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कनाडा को भारत के राजनयिकों से दिक्कत है।

हमारे राजनयिकों को कनाडा पसंद नहीं कर रहा है। जैसा वो अन्य देशों के राजनयिकों के साथ व्यवहार करता है वैसा व्यवहार भारत के राजनयिकों के साथ नहीं है। हालांकि सभी पश्चिम के देश एक जैसे नहीं हैं।

### भारत के राजनयिकों से उचित व्यवहार नहीं करता कनाडा

एनडीटीवी से बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि कनाडा दूसरे देशों के राजनयिकों के साथ जैसा व्यवहार करता है, उससे अलग व्यवहार भारतीय राजनयिकों के साथ कर रहा है। कनाडा खुद भारत में अपने राजनयिकों को मनमानी करने देता है, लेकिन भारतीय राजनयिकों पर बंदिशें लगाता है। उन्होंने कहा, कनाडा का मुद्दा एक सामान्य पश्चिमी मुद्दा और कनाडा विशिष्ट मुद्दा है, दुनिया के समीकरण बदल रहे हैं। दुनियाभर में पावर बैलेंस बदल रहा है। ऐसे में पश्चिम के देश इसे पचा नहीं पा रहे।

### भारत ने उच्चायुक्त को वापस क्यों बुलाया?

उन्होंने कहा कि कनाडा ने हमारे उच्चायुक्त के खिलाफ क्या कुछ कहा। कनाडा ने उन्हें पुलिस जांच के अधीन करने के लिए कहा था। ऐसे में हमें अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाना सही समझा। कनाडा को हमारे राजनयिकों से दिक्कत है, जो कनाडा में हो रही उन घटनाओं के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, जिनका संबंध उनके कल्याण और सेफ्टी से हैं। जयशंकर ने कहा, दूसरी ओर कनाडा अपने राजनयिकों को भारत में खुली छूट देता है, जो उन बंदिशों से बिल्कुल अलग है जो वे कनाडा में राजनयिकों पर लगाते हैं। उन्होंने कहा, कनाडा के राजनयिकों को हमारे सैन्य या पुलिस अधिकारियों से मिलने और लोगों की प्रोफाइलिंग करने में कोई दिक्कत नहीं है ताकि उन्हें कनाडा में रोका जा सके।

## दिल्ली में ग्रैप का दूसरा चरण लागू, डीजल जनरेटर चलाने और कोयला जलाने पर पाबंदी



नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का दूसरा चरण लागू कर दिया गया है। इसके तहत डीजल जनरेटर और तंदूर में कोयले पर पाबंदी रहेगी। वाहन पार्किंग की फीस में भी बढ़ोतरी की जाएगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सोमवार को वायु गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए यह फैसला किया।

### क्या होता है ग्रैप फार्मूला?

ग्रैप को दिल्ली एनसीआर में प्रतिकूल वायु गुणवत्ता के चार अलग-अलग चरण के हिसाब से बांटा गया गया है। ग्रैप का चरण-1 उस वक्त लागू होता है, जब दिल्ली में AQI का स्तर 201-300 के बीच होता है। मौजूदा समय में दिल्ली में ग्रैप का चरण-1 ही प्रभावी था। ग्रैप का दूसरा चरण उस परिस्थिति में प्रभावी होता है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 301-400 के बीच बहुत खराब मापा जाता है। चरण-3 गंभीर वायु गुणवत्ता के बीच लागू किया जाता है। इस वक्त दिल्ली में एक्यूआई 401-450 के बीच होता है। वहीं ग्रैप कार्य योजना का अंतिम और चरण-4 गंभीर + वायु गुणवत्ता की परिस्थिति में लागू किया जाता है।

### दिवाली से पहले ही प्रदूषण के स्तर में इजाफा, विशेषज्ञ ने बताया क्या न करें

आरएमएल अस्पताल के डॉ. अमित जिंदल ने कहा, दिल्ली में हर साल दीवाली के मौसम के आसपास प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी देखी जाती है। इस साल प्रदूषण के स्तर में एक हफ्ते पहले से ही इजाफा हो गया है जिससे लोगों को समस्या हो रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मैरिटल रेप केस : पीड़ित पतियों का प्रदर्शन, 'शादी के खेल में हर पति जाएगा जेल में...' के लगाए नारे




नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के बाहर (21 अक्टूबर) को एक ऐसा प्रदर्शन हुआ, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। यहां पत्नी प्रताड़ित लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अपने हाथों में तरह-तरह के स्लोगन लिखी तख्तियां लहराई और नारे लगाए। दरअसल ये लोग मैरिटल रेप को लेकर प्रस्तावित कानून का विरोध कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान इस तरह के नारे लगाए -

- शादी के खेल में, हर पति जाएगा जेल में।
- बीवी करे तो प्यार, पति करे तो बलात्कार।
- पत्नी के प्यार में, पति गया तिहाड़ में।
- अगले जन्म मोहे बेटा ना कीजो।

### सैकड़ा भर लोगों ने खींचा ध्यान

रविवार को दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के बाहर गेट पर हुए इस प्रदर्शन में करीब सौ लोग शामिल हुए, लेकिन इस प्रदर्शन ने लाखों लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। स्टेडियम के बाहर प्रदर्शन करने वाले ये लोग किसी न किसी तरह से अपनी पत्नियों से पीड़ित हैं। उनके उत्पीड़न का शिकार बने हैं या फिर उनकी ब्लैकमेलिंग का शिकार हुए हैं। प्रदर्शनरियों से बात करने पर पता चला कि कुछ लोग कई साल से अपने बच्चों से बीबी के अत्याचार के कारण नहीं मिल पाए हैं। कई लोगों को उनकी पत्नियों ने घर से बाहर निकाल दिया है। कुछ बच्चों को उनके पिता से भी मिलने की इजाजत नहीं देती हैं। कुछ पति ऐसे हैं जो अपना घर होते हुए भी किराए के मकानों में रहने के लिए मजबूर हैं।

### मैरिटल रेप के प्रस्तावित काननू का कर रहे हैं विरोध

दरअसल, ये पत्नी पीड़ित प्रदर्शनकारी मैरिटल रेप को लेकर प्रस्तावित कानून का विरोध करने के लिए यहां पर इकट्ठे हुए थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## सीट शेयरिंग को लेकर महाविकास अघाड़ी में महाभारत, विदर्भ की सीटों को लेकर कांग्रेस- शिवसेना यूबीटी में मचा बवाल!



मुंबई। महाराष्ट्र में चुनावी महाभारत के लिए कुरुक्षेत्र सज चुका है। इस सियासी समर में योद्धाओं के चुनावी मैदान में उतरने से पहले महाविकास अघाड़ी के अंदर महाभारत का दौर जारी है। सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना यूबीटी के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। इस बीच शिवसेना के सूत्रों के हवाले से आई एक ख़बर ने भूचाल ला दिया है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाविकास अघाड़ी में अब तक शीट शेयरिंग का फार्मूला तय नहीं हो पा रहा है। एक तरफ महाविकास अघाड़ी यह दावा ज़रूर कर रही है कि सब कुछ तय हो गया है और एक दो दिन में सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। लेकिन अंदरखाने की हलचल कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

### कांग्रेस-शिवसेना यूबीटी में रार!

सूत्रों के मुताबिक शिवसेना ने रामटेक और अमरावती लोकसभा की सीटें कांग्रेस को दिए जाने की बात कही जा रही है। लेकिन उसके बदले शिवसेना विदर्भ में 3 सीटें चाहती है। जिस पर कांग्रेस भी अपना दावा ठोंक रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)




### मदरसे बंद करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## गैर-मुस्लिम स्टूडेंट्स का सरकारी स्कूलों में ट्रांसफर भी नहीं होगा, केंद्र-राज्य सरकारों को नोटिस



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपीसीआर (नैशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स) की उस सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है जिसमें गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा ए हिंद की उन दलीलों पर गौर किया।

### एनसीपीसीआर के आदेश पर कार्रवाई ना हो

याचिका में कहा गया था कि एनसीपीसीआर की सिफारिश पर कुछ राज्यों द्वारा की गई कार्रवाई के मद्देनजर इस पर रोक की जरूरत है। यूपी और त्रिपुरा सरकार ने निर्देश दिया था कि गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के स्टूडेंट्स को सरकारी स्कूलों में ट्रांसफर किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इस साल 7 जून और 25 जून को एनसीपीसीआर ने जो सिफारिश की है उस पर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

### यूपी, त्रिपुरा को पक्षकार बनाने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एनसीपीसीआर की सिफारिश के मद्देनजर जिन राज्यों ने आदेश जारी कर कार्रवाई की है उस पर रोक लगी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि वह यूपी और त्रिपुरा राज्य को इस मामले में दाखिल याचिका में पक्षकार बनाएं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रायपुर दक्षिण विधानसभा के लिए भाजपा स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी, सीएम साय, नितिन नबीन, खूबचंद, मधुसूदन समेत 40 दिग्गजों के नाम



रायपुर। छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा ने उम्मीदवार की घोषणा के बाद अब अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट भी जारी कर दी है।

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, रमेश बैस, तोखन साहू, अरुण साव, विजय शर्मा, सरोज पांडेय, लता उसेंडी, अजय जामवाल, पवन साय, रामविचार नेताम, धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल समेत चालीस स्टार प्रचारकों के नाम हैं।

इसके अलावा दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, राजेश मूणत, लखन लाल देवांगन, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, अजय चंद्राकर, चंदूलाल साहू, प्रेम प्रकाश पांडे, लक्ष्मी राजवाड़े, शिव रतन शर्मा, मधुसूदन यादव, निर्मल सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, खूबचंद पारख, पुरेन्द्र मिश्रा, मोतीलाल साहू, नंदे साहू, ललित चंद्राकर, गुरु खुशवंत साहिब, अनुज शर्मा, गजेंद्र यादव, शालिनी राजपूत का नाम भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है।

रायपुर-दक्षिण विधानसभा सीट पर मतदान 13 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। यह सीट भारतीय जनता पार्टी के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर से सांसद चुने जाने के कारण खाली हुई थी। उन्होंने 17 जून को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद 21 जून को इस सीट को आधिकारिक रूप से रिक्त घोषित किया गया था।

## पीएम मोदी की डिग्री पर दिया था विवादित बयान: मानहानि केस में अरविंद केजरीवाल की याचिका सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज



नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। केजरीवाल ने पीएम मोदी की डिग्री के संबंध में याचिका दायिर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के संबंध में उनकी टिप्पणियों पर गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा शुरू की गई आपराधिक मानहानि की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत की एक अलग पीठ ने इसी मामले में आठ अप्रैल को आप नेता संजय सिंह द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था।

पीठ ने कहा, हमें एक सुसंगत दृष्टिकोण रखना चाहिए। गुजरात उच्च न्यायालय ने 16 फरवरी को सिंह और केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग की थी। दोनों राजनेताओं ने गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मामले में एक ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी किए गए समन और सत्र अदालत के समन के खिलाफ उनकी पुनरीक्षण याचिका को खारिज करने के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

### केजरीवाल को पहले हाईकोर्ट से लगा था झटका

पीएम मोदी की डिग्री मामले में अरविंद केजरीवाल को इससे पहवे हाईकोर्ट से भी झटका लगा था। गुजरात हाईकोर्ट ने पीएम मोदी की शैक्षणिक डिग्री विवाद के मामले में अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को राहत नहीं दी थी। इस दौरान गुजरात हाईकोर्ट ने आपराधिक मानहानि मामले में दोनों नेताओं के खिलाफ जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था।

### गुजरात विश्वद्यालय दायर की थी याचिका

गुजरात विश्विद्यालय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप नेता संजय सिंह के खिलाफ याचिका दायर की थी। इसके बाद विश्विद्यालय की याचिका पर कोर्ट द्वारा केजरीवाल और संजय सिंह को समन जारी किया गया था। वहीं आप नेताओं ने समन के खिलाफ हाईकोर्ट में अर्जी दायर की थी, लेकिन यहां से उन्हें निराशा ही हाथ लगी थी। बताया गया कि आप नेताओं की याचिका को खारिज करते हुए जस्टिस हसमुख सुथार ने ट्रायल कोर्ट के समक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राष्ट्रपति मुर्मु छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर 25 अक्टूबर को पहुंचेंगी रायपुर



रायपुर (दावा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर 25 अक्टूबर को रायपुर आएंगी तथा एम्स,आईआईटी व एनआईटी के दीक्षांत समारोहों समेत विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। श्रीमती मुर्मु के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार 25 अक्टूबर (पहला दिन) सुबह 11 बजे राष्ट्रपति का रायपुर एयरपोर्ट पर आगमन होगा। सुबह 11.30 बजे रायपुर एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। अपराह्न एक बजे एम्स से रवाना होकर राजभवन पहुंचेंगी। वह अपराह्न तीन बजे एनआईटी रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। श्रीमती मुर्मु उसी दिन शाम 4.30 बजे नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में स्थानीय आदिवासियों से मुलाकात करेंगी. (शेष पृष्ठ 6 पर...)




CMYK

# लेह-लद्दाख की बर्फीली पहाड़ी पर शहीद हुआ छत्तीसगढ़ का लाल, तबियत बिगड़ने से हुई मौत, दुर्ग में अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़



दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोड़िया के निवासी और भारतीय सेना के 19 महार रेजीमेंट के वीर जवान लांस हवलदार उमेश कुमार साहू 19 अक्टूबर को लेह-लद्दाख के बर्फीले पहाड़ी क्षेत्र में मां भारती की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। उनका पार्थिव शरीर सोमवार को दुर्ग जिले के पैतृक गांव कोड़िया लाया गया। इस अवसर पर उनके बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए दुर्ग से कोरिया तक एक रैली निकाली गई। इस रैली में शहीद के पार्थिव शरीर को लेकर चल रहे सेना के वाहन के आगे और पीछे युवा बाइक पर सवार होकर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे और वीर जवान के सम्मान में नारे लगा रहे थे।

### नम आंखों से शहीद को दी गई अंतिम विदाई

गांव पहुंचने पर शहीद उमेश के स्वजन, ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नम आंखों से शहीद को अंतिम विदाई दी गई। सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने भी पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ग्रामीणों ने बताया कि शहीद उमेश कुमार साहू मध्यम वर्गीय परिवार से थे। उन्होंने कुछ वर्षों में अपने बड़े भाई और मां को खोया, और हाल ही में जून माह में छोटे भाई का भी निधन हुआ। भाई के दशगात्र कार्यक्रम के बाद वह ड्यूटी पर लौटने वाले थे, लेकिन अपने बीमार पिता की देखभाल के कारण छुट्टी बढ़ानी पड़ी।

उन्होंने 30 अगस्त को फिर से ड्यूटी जॉइन की और अपने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उनके घर में अब अस्वस्थ और आश्रित पिता, पत्नी और छोटे बच्चे हैं, जिनकी जिम्मेदारी वे निभा रहे थे।

### मौत से एक दिन पहले पत्नी से हुई थी बात

उमेश की पत्नी ने बताया कि वे ड्यूटी से वापस लौटने के बाद रोज बात करते थे। घटना से एक रात पहले भी उनकी बात हुई थी, जब वे पूरी तरह स्वस्थ थे। शनिवार को आर्मी के अधिकारियों ने बताया कि वह अस्वस्थ हैं और शाम को स्थिति गंभीर बताई गई। रात 9 बजे उन्हें शहीद होने की सूचना मिली।

शहीद उमेश साहू के मामा ने बताया कि उन्होंने कोटा जाकर 22 सितंबर 2009 में ड्यूटी जॉइन की थी। उनकी ट्रेनिंग सागर, जम्मू के अनंतनाग, हिमाचल प्रदेश, ग्वालियर और मेघालय में हुई थी, और हाल ही में वह लेह में ड्यूटी कर रहे थे। उनके दो बच्चे हैं, जिसमें 6 साल की बेटी और 3 साल का बेटा शामिल हैं।

# सिनोप्टिक सिस्टम के कारण बन रही बारिश-पानी की स्थिति

- दीपावली की तैयारी के रंग में भंग कर रहा बारिश
- मौसम में खराबी की वजह से देर से दिखा चांद, करवा व्रती महिलाओं को पूजा के लिए करना पड़ा इंतजार
- हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना

राजनांदगांव (दावा)। रविवार को शहर सहित अंचल भर में अचानक बारिश-पानी की बनी स्थिति से सब लोग भौंचक्क रह गए। वैसे सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे जो बाद में छंट भी गए, लेकिन दोपहर बाद चार बजते ही बूंदाबांदी के साथ कुछ देर के लिए ही सही पर अच्छी बारिश हो गई। हालांकि शहर में सामान्य ही बारिश हुई लेकिन आसपास के गांव-देहात के क्षेत्रों में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। बारिश होने से उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत मिली। लेकिन अभी भी थोड़ी-बहुत गर्मी शेष बची हुई है। लोगो ने पंखा, कुलर एसी चलाना बंद नहीं किया है। शरद पूर्णिमा के साथ ही भले ही ऋतु में परिवर्तन हो गया है लेकिन वातावरण में बने गर्मी खत्म नहीं हुई है। अधिकत्तम तापमान अभी भी सामान्य से थोड़ा अधिक बना हुआ है।

बता दें कि सामान्य तौर पर अक्टूबर से ही ठंड की शुरुआत हो जाती है लेकिन बार ठंड ने अभी दस्तक नहीं दी है। वातावरण सामान्य से अधिक गर्म है। रविवार दोपहर बाद हुई बारिश से थोड़ी राहत जरूर मिली पर उमस का माहौल अभी गया नहीं है। रविवार को हुई बारिश से करवा चौथ के पूजा कार्यक्रम में भी थोड़ा असर पड़ा। आसमान में बादल छाए रहने से चंद्र देवता देर से दर्शन दिए। इसके लिए लिए करवा चौथ का उपवास रहने वाली महिलाओं को रात में लगभग 12 बजे तक इंतजार करना पड़ा।

### खाड़ी में बना सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग की मानें तो बंगाल की खाड़ी में सिनोप्टिक सिस्टम बनने की वजह से प्रदेश में बारिश पानी की स्थिति बनी हुई है। इसके चलते प्रदेश के एक- दो स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा व गरज- चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। इससे तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का कहना है कि एक सुस्पष्ट निम्न दाब का क्षेत्र पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी में स्थित है।आज 22 अक्टूबर की सुबह इसके अवदाब क्षेत्र में तथा 23 को चक्रवाती तूफान के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। इसी तरह 24 व 25 की सुबह पूरी और सागर दीप के मध्य प्रचंड चक्रवात की स्थिति बन सकती है। इससे बारिश-पानी की स्थिति बनी रही सकती है।

बता दें कि इन दिनों लोग दीपावली पर्व की तैयारियों में जुट गए हैं। घर दुकान मकान कार्यालयों की साफ-सफाई रंगाई पुताई के कार्य जारी है। ऐसे समय में अचानक की बारिश लोगों के किए धरे पर पानी फेरने वाला साबित हो सकता है। मौसम विभाग द्वारा अगले तीन-चार दिनों तक हल्की से लेकर मध्यम दर्जे की बारिश होने की बात कहने पर लोग अपने घरों की रंगाई पुताई का कार्यक्रम टाल भी सकते हैं। वहीं बाजार में दीपावली की खरीदारी पर भी असर पड़ सकता है। इधर इस तरह के अचानक की बारिश-पानी में किसान भी खासे परेशान हैं। खेतों में करुणा फसलें कटने के लिए खड़ी है। माई धान भी पकने के कगार पर है। ऐसे समय में बारिश- पानी की स्थिति बनती है तो किसानों को नुकसान के सिवाय फायदा नहीं होने वाला है।

## पहला कॉलम...

### जिले के 91 तीर्थ यात्रियों को 18 से 21 नवम्बर तक करायी जाएगी अयोध्या धाम की यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। श्री रामलला दर्शन (आयोध्या धाम) योजना के तहत 55 वर्ष से अधिक एवं 75 वर्ष से कम आयु वर्ग के नागरिकों को तीर्थ यात्रा कराई जा रही है। जिसके तहत राजनांदगांव जिले के 91 तीर्थ यात्रियों को 18 से 21 नवम्बर 2024 तक अयोध्या की यात्रा करायी जाएगी। आयुक्त नगर निगम एवं जनपद पंचायत व नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को यात्रा के लिए चयनित हितग्राहियों की सूची कार्यालय समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने कहा गया हैं।

### राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार महासमुंद जिले के ग्राम जलकी सिरपुर में 17 से 19 अक्टूबर 2024 तक राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य उपाध्यक्ष स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ श्री राजेन्द्र गोलछा, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट प्रवास कुमार सिंह बघेल के मार्गदर्शन में जिले के स्काउट रोवर एवं गाइड रेंजर शामिल हुए।

### जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत विकास कार्यों के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत जिले के ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम गु. नवागांव में माध्यमिक शाला के स्कूल प्रांगण में चेकर टाईल्स के लिए 4 लाख रूपए तथा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम चारभाठा के वार्ड क्रमांक 17 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कल

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कल 22 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सदस्यों से उपस्थित होने कहा गया है।

### श्रीमती गौरी देवांगन का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शंकरपुर वार्ड नंबर 9 शीतला मंदिर निवासी श्रीमती गौरी देवांगन का संध्या 7 बजे स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र, एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गई है। इनका अंतिम संस्कार 22 अक्टुबर मंगलवार को सुबह 9 बजे शंकरपुर मुक्तिधाम में होगा।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 25 से स्त्री-2 | रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
छत्तीसगढ़ी भाषा में
दस्तावेज
कलाकार - अनील सिन्हा, सुमन पटनायक आदि।


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
21st OCT to 24th OCT 2024
silver SCREEN


Vicky Vidya Ka Who Wala Video (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Jigra (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Vettaiyan (Hindi) - 12:15, 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# डोंगरगढ़ में हुये नौ लाख पचास हजार रु. चोरी के मामले में अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

**आरोपी के विरूद्ध मध्यप्रदेश एवं छ.ग. राज्य के विभिन्न थानों में कई अपराध है दर्ज**




**सायबर सेल राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ पुलिस को चोरी के अंतर्राज्यीय चोर को पकड़ने में मिली सफलता**

डोंगरगढ़ (दावा)। सायबर सेल राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ पुलिस को चोरी के अंतर्राज्यीय चोर को पकड़ने में सफलता मिली है। आदर्श नगर डोंगरगढ़ में हुये नौ लाख पचास हजार रू. चोरी के मामले मेंअर्न्तराज्यीय चोर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी थाना बिजुरी, जिला अनुपपुर के हत्या (मर्डर) के मामले में वर्ष- 2021 से फरार है।आरोपी को पकड़ने पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा तीस हजार रू0 का नगद ईनाम घोषित किया गया है।आरोपी के विरूद्ध मध्यप्रदेश एवं छ0ग0 राज्य के विभिन्न थानों में कई अपराध दर्ज है।

प्रार्थी शिवेन्द्र भगत निवासी आदर्श नगर वार्ड न0- 20 डोंगरगढ़ ने दिनांक- 07 जुलाई को थाना डोंगरगढ़ में एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 03 जुलाई को बाहर गांव चला गया था। दिनांक 05 मई को जब सहपरिवार वापस लौटा तो मकान का ताला एवं घर अंदर आलमारी का लाकर टुटा हुआ था। आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी रकम सहित कुल- 9 लाख 50 हजार रू. को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्र.- 385/2024 धारा- 331, 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में मिली सफलता

प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरूका के पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ एवं सायबर सेल राजनांदगांव का टीम गठित किया गया था।

उक्त दोनों टीम साथ मिलकर आपस में सांमजस्य मिलाकर अलग-अलग एंगल से अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये माल मशरूका के पता तलाश में जुट गये जिस पर गठित टीम द्वारा आरोपियों का पता तलाश कर आरोपी अजय कुमार जैन पिता सुरेश कुमार जैन उम्र- 36 साल निवासी बसंतपुर वार्ड नं.- 38, थाना बसंतपुर, जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पिता विजय कुमार विश्वकर्मा उम्र- 55 साल निवासी उमंग नगर टिकरापारा रायपुर, दिव्या जैन पति अजय कुमार जैन उम्र- 32 साल साकिन बसंतपुर वार्ड नं.- 38 को पकड़कर आरोपीगण से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 35 हजार रू. सहित लगभग 3 लाख 5 हजार रू. बरामद कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर 24 जुलाई को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था जो अब तक जेल में निरूद्ध है। प्रकरण के गठित टीम द्वारा फरार आरोपी सुरेन्द्र एवं राजेश निवासी शिकारी महका थाना छुरिया का लगातार पता तलाश किया जा रहा था कि पता तलाश दौरान आरोपी सुरेन्द्र जो अपना मूल नाम शाबिर अली पिता हदीश अली उम्र- 32 साल निवासी अली नगर बिजुरी थाना बिजुरी जिला अनुपपुर बदल कर सुरेन्द्र विश्वकर्मा के नाम से रायपुर हीरापुर क्षेत्र में छीपकर रह रहे थे। पकड़कर गिरफ्तार कर आज 21 अक्टूबर को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### आरोपी को पकड़ने पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित किया गया है, तीस हजार रू का नगद ईनाम

आरोपी मध्यप्रदेश राज्य के थाना बिजुरी में धारा- 302 भादवि. हत्या के फरार उद्घोषित आरोपी है। जिसके पता तलाश हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा 30 हजार रू. का ईनाम घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त आरोपी के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य जिला अनुपपुर के थाना बिजूरी में चोरी के 03 प्रकरण एवं, लूट के 01 प्रकरण, थाना भालूमाड़ा में चोरी के 02 प्रकरण एवं छत्तीसगढ़ के कोरिया जिला के थाना चिरमिरी में चोरी के 02 प्रकरण दर्ज है। उक्त आरोपी को पकड़ने में थाना डोंगरगढ़ के 'सउनि मुजीब रहमान कुरैशी एवं सायबर सेल राजनांदगांव से प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, प्र.आर. बसंतराव, आरक्षक प्रवेश वर्मा, अमित सोनी, जीवन ठाकुर, आदित्य सिंह, हेमन्त साहू का विशेष योगदान रहा है।प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी का नाम शाबिर अली उर्फ सुरेन्द्र विश्वकर्मा पिता हदीश अली उम्र 32 साल साकिन अली नगर बिजुरी थाना बिजुरी जिला अनुपपुर म.प्र. शामिल है।

# राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

**दीपावली, छठ, गुरू पर्व तथा नववर्ष व क्रिसमस के अवसर पर पटाखे फोड़े जाने की अवधि 2 घण्टे निर्धारित**

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जिसके अनुसार राज्य में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुश्चित किया जाएगा।

दीपावली, छठ, गुरू पर्व तथा नववर्ष व क्रिसमस के अवसर पर पटाखे फोड़े जाने की अवधि 2 घण्टे निर्धारित की गई है। दीपावली पर्व पर रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा पर्व पर सुबह 6 बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं नया वर्ष व क्रिसमस पर रात्रि 11.55 बजे से रात्रि 12.30 बजे तक पटाखे फोड़े जाने की अवधि निर्धारित की गई है। उच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सिविल) अर्जुन गोपाल विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया में पटाखों के उपयोग के संबंध में आदेश पारित किया गया है। जिसके अनुसार कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखा की बिक्री केवल लाईसेंस ट्रेडर्स द्वारा किया जाएगा। केवल उन्हीं पटाखों के उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा, जिससे उत्पन्न ध्वनि स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो।

सीरीज पटाखे अथवा लडियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण को रोकने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ऐसे पटाखा निर्माता जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया जाता है, उनके लाईसेंस रद्द करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ऑनलाईन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाईटो जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि के द्वारा पटाखों की बिक्री को प्रतिबंधित करने की कार्रवाई की जाएगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला राजनांदगांव तहसील-डोंगरगढ़ प.ह.नं.-00002 कन्हारगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425420400400002

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगढ़ के प.ह.नं. 00002 के अंतर्गत ग्राम कन्हारगांव के वर्तमान भूमिस्वामी बैजनाथ पिता/पति-धनसिंग पता-कन्हारगांव, रामनाथ पिता/पति-धनसिंग पता-कन्हारगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 81 (0.3440) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता बैजनाथ पिता/पति-धनसिंग पता-कन्हारगांव के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/10/2024 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

किराये से देना है
कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।
-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-5-7
178-6 480-2
राजधानी
1-5-8
130-4 490-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# पेण्ड्री आरएसएल सेंटर में काम करने वाली स्वच्छता दीदीयों ने ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोला

**छुट्टी के पैसे काटे जाने से बिफरी स्वच्छता दीदीयों ने सुपरवाइजर बदले जाने का किया विरोध**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के पेंड्री स्थित एस एलआरएम सेंटर में काम करने वाले स्वच्छता दीदीयों ने अपने ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और सोमवार को पेंड्री से पैदल चलकर नगर निगम कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से गुहार लगाई है।

बताया जाता है कि पेड्री स्थित एसएलआरएम सेंटर में काम करने वाली स्वच्छता दीदीयों का तीन दिनों के छुट्टी का 1200 रुपए काट लिया गया है, इससे वे बिफरी हुई है। उनका कहना है कि सेंटर की ठेकेदार मनमानी कर रही है। स्वच्छता दीदीयों द्वारा छुट्टी के पैसे काटे जाने का विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा उन्हें काम से निकाल दिए जाने की धमकी दी है। यही नहीं उक्त ठेकेदार ने पेंड्री सेंटर के सुपरवाइजर को बगैर किसी अपराध के बदल दिया गया है। जबकि उक्त सुपरवाइजर विभा यादव बहुत अच्छी थी। अतः पेंडारी एसएलआरएम सेंटर की स्वच्छता दीदीयों द्वारा ठेकेदार पारुल जैन की मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोल कर सुपरवाइजर को नहीं बदलें जाने व उनके छुट्टी के पैसे नहीं काटे जाने सहित सितंबर माह का वेतन दिए जाने की मांग की है।

सेंटर में बड़ी संख्या में काम करने वाली महिलाओं ने बताया कि वे यहां 7-8 साल से काम कर रही है। उन्हें काम से निकाले जाने की धमकी ठेकेदार द्वारा दी जा रही है। इसलिए इसका जमकर विरोध किया जा रहा है तथा अपनी छुट्टी के काटे गए पैसे सहित सितंबर माह के वेतन व सुपरवाइजर को न हटाए जाने कुछ मांग को लेकर नगरनिगम आई हुई है। और निगम आयुक्त के समक्ष गुहार लगाई जा रही है ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। तहसील छुरिया अंतर्गत अतिवृष्टि से 4 पशु शेड क्षति होने पर 12 हजार रूपए, अतिवृष्टि से धान क्षति होन पर 12 हजार 307 रूपए तथा राजनांदगांव तहसील अंतर्गत आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# सफाई निरीक्षण के दौरान त्यौहार में शहर की समुचित सफाई करने आयुक्त ने दिये निर्देश




राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज सुबह सफाई व्यवस्था निरीक्षण के दौरान दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य कर्मचारियों से निर्धारित समय तक सम्पूर्ण क्षेत्र में साफ सफाई करने के निर्देश दियें। उन्होंने साफ सफाई रखने, सफाई में सहयोग करने नागरिकों से भी अपील की है।

आयुक्त श्री गुप्ता सफाई निरीक्षण में शहर के भीतरी एवं बाहरी क्षेत्रों में सफाई का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से रूबरू हो निर्धारित समय दोपहर 1 बजे तक साफ सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि आगामी दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रों में साफ सफाई रखे। वर्तमान में त्यौहार के पूर्व सभी घरों में साफ सफाई की जा रही है, जिससे बहुतायत कचरा निकल रहा है, कचरा निधारित स्थल एवं कचरा गाडी में डालने लोगों को समझाईस देवे, कचरा नाली में न डालने के साथ-साथ व्यवसाईयों को भी समझाईस देवे कि वे दुकान के बाहर कचरा न डाले, दुकान बंद करने के पश्चात सडक में कचरा न डाले उसे एक जगह एकत्रित कर सुबह कचरा गाडी में डाले। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वच्छता निरीक्षक, सफाई दरोगा, वार्ड चपरासी से कहा कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करेंगे। बिना कारण किसी भी कर्मचारी को छुटटी न देवे, सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करेंगे, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। मुक्कडों में कचरा रखा न रहे, नाली व नालो की नियमित सफाई करे, चौराहों एवं सड़कों में गंदगी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे, सफाई में लापरवाही न हो इसका भी ध्यान रखे, लोगों को भी साफ सफाई के प्रति जागरूक करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने नवागांव में पुलिया निर्माण के दौरान बिछाये गये पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने पर अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर भविष्य में पाईप लाईन क्षतिग्रस्त न हो इसके लिये लोककर्म एवं नगर निगम के अधिकारी संयुक्त रूप से प्लान कर कार्य करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित तकनीकि एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र के सीमावर्ती गढ़चिरौली में मुठभेड़, तीन महिला समेत पांच नक्सली ढेर



राजनांदगांव (दावा)। नारायणपुर व महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की सीमा पर सोमवार को हुई मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर हो गए है। इनमें दो पुरुष और तीन महिलाएं शामिल है। मृतकों की अभी पहचान नहीं हुई है। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने इसकी पुष्टि की है। घटनास्थल से स्वचलित हथियार और अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद होने की सूचना मिल रही है। पुलिस के अनुसार महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए नक्सली हिंसा फैलाने का षड़यंत्र रच रहे थे। इसके बाद उनके विरुद्ध अभियान चलाकर यह कार्रवाई की गई।

मुठभेड़ कोपरशी वन क्षेत्र की भामरागढ़ तहसील में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख एवं अपर पुलिस अधीक्षक एम. रमेश के नेतृत्व में सीआरपीएफ की सी-60 स्क्वाड की 22 यूनिट एवं क्यूएटी की दो यूनिटों को दो अलग-अलग स्थानों पर नक्सली विरोधी अभियान चलाने के लिए रवाना किया गया था, जैसे ही वे जंगली क्षेत्र में पहुंचे, नक्सलियों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

इस समय, पुलिस टीम ने नक्सलियों से हथियार छोड़ने और आत्मसमर्पण करने की अपील की, लेकिन उन्होंने गोलीबारी जारी रखी। इसके बाद पुलिस टीमों को दो अलग-अलग जगहों पर फायरिंग करनी पड़ी। घटना स्थल से पांच नक्सलियों के शव बरामद हुए है। वन क्षेत्र में पुलिस का तलाशी अभियान जारी है।

### गढ़चिरौली में दो-दो लाख के इनामी दंपती ने किया था समर्पण

गढ़चिरौली में रविवार को आठ लाख रुपये के इनामी एक नक्सली दंपती ने समर्पण किया था। इनकी पहचान असिन राजाराम कुमार उर्फ अनिल और उसकी पत्नी अंजू सुल्या जाले उर्फ सोनिया के रूप में की गई थी। आसिम पर छह लाख व अंजू पर दो लाख का इनाम था। असिन ओडिशा में नक्सलियों की प्रेस टीम का एरिया कमेटी मेंबर था। पुलिस ने बताया कि सरेंडर करने वाले नक्सली दंपती पर कई मामले दर्ज थे, जिनमें हत्या, लूट और नक्सल गतिविधियों के आरोप शामिल है।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये वार्डो में शिविर शुरु

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह सितम्बर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 22 अक्टूबर को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में, पदुमलाल पुनालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में, मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में एवं राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में शिविर का आयोजन किया गया है।

# कलेक्टर एवं आयुक्त के निर्देश पर उपायुक्त ने गौ सेवा संस्थाओं की बैठक लेकर सहयोग की अपील



राजनांदगांव (दावा)। वर्तमान में दीपावली त्यौहार आने वाला है, जिसके कारण शहर में भीड का वातावरण निर्मित हो रहा है, किन्तु पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी घातक है।

क्योकि दुर्घटना से मवेशी घायल हो जाते है, जिसे ध्यान में रखते हुये जिलाधीश संजय अग्रवाल तथा निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने निर्देश पर उपायुक्त मोबिन अली ने गौ सेवा संस्थाओं के पदाधिकारियों की बैठक लेकर सहयोग करने अपील कर उनसे सुझाव लिये।

उपायुक्त श्री अली ने बैठक मे कहा कि नगर निगम द्वारा मवेशी धर पकड अभियान चलाया जाता है और मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जाती है तथा मवेशी कांजी हाउस में रखकर नियमानुसार शुल्क लेकर मवेशी छोडा जाता है। उन्होंने कहा कि कई मवेशी मालिक मवेशी छोड़ाते नहीं है और न ही बांधकर रखते है, जिससे पुनः मवेशी सड़कों पर विचरण करने लगते है, जिस कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। दुर्घटना से बचने एवं मवेशियों की सुरक्षा तथा उनके रख रखाव, दाना पानी, के लिये सहयोग करने कलेक्टर महोदय एवं आयुक्त महोदय के निर्देश पर आप लोगों की बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि आप सब गौ सेवक निगम से जुड सहयोग करे, अपने अपने क्षेत्र में मवेशी मालिकों को समझाईस देवे।

गौ सेवकों ने कहा कि हम लोगों के द्वारा अपने स्तर पर घुमंतू पशुओं को चारा पानी के अलावा, बीमार पशुओं की सेवा की जाती है। उन्होंने सुझाव देते हुये कहा कि दुर्घटना से बचने मवेशियों के सींग में रेडिमय पट्टी लगावे, मवेशी मालिकों के उपर कडी कार्यवाही करें, मवेशी मालिकों की पहचान कर उनके घर में नोटिस भेजे। बैठक में उनके द्वारा सुझाव के अलावा निगम को सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में गौ सेवा आर्मी बाल रत्न मंख् सेवा समिति, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल आदि के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यो के लिए 63 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव(दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यो के लिए 63 लाख 80 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम ठेकवा में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपए व निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए, ग्राम सांकरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम ककरेल में निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए, निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए व रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, ग्राम बैगाटोला में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम खैरा (रवेली) में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम धर्मापुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम भेड़ीकला में रंगमंच निर्माण के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम तोरनकट्टा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम बांकल में रंगमंच निर्माण के लिए 4 लाख रूपए, ग्राम ठाकुरटोला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम सिंघोल में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# 24 अक्टूबर को होगा शिक्षकों का हल्ला बोल

### पूर्व सेवा अवधि की गणना सहित 5 सूत्रीय मांग

राजनांदगांव(दावा)। पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत मोदी की गारंटी की मांग को लेकर प्रदेश भर के शिक्षक एलबी संवर्ग कर्मचारीगण 24 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालय में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन एवं रैली कर अपना अधिकार मांगेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक एवं नवीन शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष छन्नूलाल साहू ने बताया कि 5 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला राजनांदगांव में जिला कलेक्ट्रेट के सामने फ्लाईओवर के नीचे जिले के सभी विकासखंडों में कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग कर्मचारी धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। शिक्षक मोर्चा के सह संचालक अजय कड़व ने बताया कि हमारी मांगों में पूर्ण सेवा गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना, समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण करना, केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता देने सहित उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्लू/ए/261/2024 में डबल बैच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28.02.2024 के तहत सभी पात्र शिक्षक एलबी संवर्ग कर्मचारियों के लिए क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश जारी करने की मांग प्रमुख है। राज्य सरकार द्वारा मोदी की गारंटी लागू किए जाने की घोषणा के तारतम्य में घोषणा पूरा करने की मांग को लेकर शिक्षक जिला मुख्यालय राजनांदगांव में कलेक्ट्रेट के सामने 24 अक्टूबर को बड़ा शक्ति प्रदर्शन करेंगे। जिला संचालक छन्नूलाल साहू ने बताया कि भाजपा ने चुनाव पूर्व अपने संकल्प पत्र में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने का वादा किया था लेकिन संकल्प पत्र की ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इससे शिक्षक संवर्ग कर्मचारी नाखुश है। शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला इकाई राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने सभी शिक्षकों को जिला मुख्यालय राजनांदगांव पहुंचने का अपील किया है। अपील करने वालों में सर्वश्री छन्नूलाल साहू (जिला संचालक), रमेश कुमार साहू (जिला संचालक), विष्णु शर्मा (जिला संचालक), गोपीराम वर्मा (जिला संचालक), अजय कड़व, हंस कुमार मेश्राम, सुशील शर्मा, रोशन साहू, प्रफुल्ल झा, लोकेश साहू, भूपेश साहू, जितेन्द्र हिरवानी, महेश ठाकरे, जितेन्द्र देवांगन, अर्जुन सेन, प्रमोद साहू, राजीव यादव, गुरूदत्त सिन्हा, कन्हैयालाल कुंजाम, हेमंत निर्मलकर, ओगेश्वर प्रसाद, छनेन्द्र साहू, रजनीश चतुर्वेदी, दिलीप डोंगरे, शशिकांत पंचभावे, प्रीतलाल साहू, केदारनाथ पांडे, सुरेश साहू, रूपेन्द्र कुमार साहू, रूपेश ठाकुर, उमेश टंडन, उगेश निषाद, सुरेन्द्र शर्मा, हुमन साहू, दीपक तिवारी, सतीश देवांगन, चेतन बघेल, चेतन साहू, लालचंद साहू, मनोज साहू सहित सभी पदाधिकारीगण शिक्षक संघर्ष मोर्चा शामिल है।

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आए तीन बाइक सवार, भाई-बहन और भांजे की मौत

दुर्ग। जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में तीन लोगो की मौत हो गई। सीमेंट से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे सीएम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ग्रामीणों आक्रोशित हो गया है।

# अंडर 14 राजनांदगांव प्रीमियर लीग में राजनांदगांव रेड विजेता



राजनांदगांव (दावा)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के तत्वाधान में साइंस कॉलेज मैदान में अंडर 14 राजनांदगांव प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 20 अक्टूबर तक किया गया आयोजन में राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर सहित 12 टीमों के 14 वर्ष आयु तक के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच रायपुर और राजनांदगांव के मध्य खेला गया जिसमें राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुए उज्वल मरकाम के 92 और सूर्या के 48, अर्शवीर के नाबाद 50 रन की बदौलत 253 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसका पीछा करते हुए रायपुर की टीम 101 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गई और इस तरह से राजनांदगांव रेड ने 149 रनों से मैच जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

समापन के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अध्यक्षता विज्ञान महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिंहा, विशिष्ट अतिथि पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी रूपेश दुबे, वार्ड पार्षद ऋषि शास्त्री एवं राजेश यादव थे। समापन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग है और आप लोगों के खेल प्रतिभा को देखने से यह साफ नजर आ रहा है कि राजनांदगांव हॉकी और झांकी के रूप में तो चर्चित है ही आने वाले दिनों में क्रिकेट के नाम से भी जाना जाएगा आप लोगों की भविष्य की उपलब्धि के लिए मैं शुभकामनाएं देता हूं।

पश्चात् विजेता एवं उप विजेता टीमों को नगद एवं आकर्षक ट्रॉफी प्रदान किया। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच उज्जवल मरकाम रहे पूरे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए उज्जवल मरकाम को मैन ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार से नवाजा गया बेस्ट बॉलर के रूप में अखिलेश सोनकर, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के रूप में सूर्या परिहार को पुरस्कृत किया गया इसके अलावा अन्य नन्हे खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। आयोजन के मुख्य कर्ताधर्ता मनोज तिवारी ने स्वागत संबोधन कर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी, सुजीत द्विवेदी, अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी मृणाल चौबे सहित बड़ी संख्या मे खेल प्रेमी जनता व खिलाड़ी उपस्थित थे।

# शतरंज खेल में स्नेहा हल्दर को विश्व शतरंज महासंघ फिडे द्वारा वूमेन्स फिडे मास्टर की उपाधि दी गई



राजनांदगांव (दावा)। एन.आर.सी.ए. के सयुक्त सचिव राम प्रसाद पाल द्वारा बताया गया कि 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित एशियन जूनियर शतरंज स्पर्धा जो फिलीपीन्स के तगातेय शहर में विश्व शतरंज महासंघ के दिशा निर्देश मे एशियन शतरंज महासंघ द्वारा आयोजित की गई थीं जिसमें भारतीय बालिका शतरंज टीम की खिलाडी 15 वर्षीय कु स्नेहा हालदार/पिता भोगीरथ हल्दर ने सिल्वर मैडल प्राप्त किया व इस स्पर्धा मे उपविजेता बन देश का गौरव मान सम्मान बढ़ाया।

इस शतरंज स्पर्धा लगभग15 देशों के खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया था। इस स्पर्धा में स्नेहा हालदार को विश्व शतरंज महासंघ द्वारा वुमेन ई.एम का पहला नॉर्म्स मिला अगर स्नेहा इस स्पर्धा में विजेता बनती तो वूमेन ई.एम का टाइटल विश्व शतरंज महासंघ द्वारा स्नेहा को प्राप्त हो जाता, किंतु स्नेहा को इस प्रदर्शन के लिए वुमेन्स फिडे मास्टर का टाइटल प्राप्त हुआ। स्नेहा हल्दर 27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक ब्राजील में होने वाली वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में भारतीय शतरंज टीम का हिस्सा हैं, इससे पहले सिंतबर माह में अंडर 19 राष्ट्रीय बालिका शतरंज में भी कांस्य पदक जीत चुकी है, स्नेहा ग्रैंड मास्टर का टाइटल प्राप्त करना चाहती हैं, इसलिए वह भारतीय शतरंज के गॉड फादर पाँच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद का मार्गदर्शन ले रही है, स्नेहा हल्दर द्वारा उनके सभी साहियोगकर्ता, प्रवीण थिप्से, कोचिंग स्टाफ, ई फोर ग्रुप, पवित्रा मैम, पी. बी. रवि कुमार, अखिल भारतीय शतरंज महासंघ, साई, रोटरी क्लब चेन्नई, कुचीना फाउंडेशन, एन.आर. सी.ए. छत्तीसगढ का आभार उनके अभिभावकों द्वारा किया गया। उक्त जानकारी एन.आर.सी.ए शतरंज द्वारा दी गई है।

# प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मूल्यांकन के लिए नीदरलैंड के विशेषज्ञों ने किया राजनांदगांव जिले का भ्रमण

### ग्राम देवादा में पॉलीहाऊस के भीतर जरबेरा खेती का एवं रूवातला में पालीहाऊस के भीतर शिमला मिर्च का किया अवलोकन



### डच विशेषज्ञों ने फसल देखकर खुशी जाहिर की

राजनांदगांव (दावा)। इंडो-डच सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना नया रायपुर में किया जाना है। इसी कड़ी में प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मूल्यांकन के लिए नीदरलैंड के विशेषज्ञ जैइप वॉन बालेन एवं लाइजनिंग ऑफिसर इन्डो-डच सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स डॉ. तरन्नुम कायद भाई एमवसी द्वारा राजनांदगांव जिले का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम ग्राम देवादा के कृषक नीवन, मनोज, संगीता के यहां पर पॉलीहाऊस के भीतर जरबेरा खेती का अवलोकन किया गया एवं कृषकों से चर्चा की गई। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रूवातला के कृषक समूहों द्वारा पालीहाऊस के भीतर शिमला मिर्च का अवलोकन किया। कृषक द्वारा बताई गई समस्या का समाधान किया गया। कृषकों से नीदरलैड से आए डच विशेषज्ञों ने विस्तृत चर्चा की। डच विशेषज्ञों ने फसल को देखकर खुशी जाहिर की तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपना नम्बर देते हुए संपर्क करने कहा। इस दौरान संचालनालय रायपुर के उप संचालक श्री नीरज साहा, सहायक संचालक उद्यान श्री राजेश शर्मा एवं संबंधित विकासखंड के प्रभारी, कृषि अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

# शिवनाथ महाविद्यालय के एनएसएस शिविर का समापन



### ग्रामीण विकास और स्वच्छता अभियान की ओर कदम

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया, राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा राजनांदगांव विधानसभा के ग्राम सिंघोला का चयन किया गया था। शिविर के अंतर्गत शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने स्वच्छता, नशा उन्मुलन, वृक्षारोपण, योग, यज्ञ, स्वास्थ्य जागरूकता जैसे अनेक विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह के मुख्य अतिथि राजगामी सम्पदा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश पटेल ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में कोमल सिंह राजपूत, राजेश श्यामकर, शिव वर्मा, रोहित चंद्राकर, शरद सिन्हा, पारस वर्मा एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि कोमल सिंह राजपूत ने ग्रामवासियों से स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ने का आह्वान किया। समापन पर मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए राजगामी सम्पदा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने शिविर की सफलता पर सभी को आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन दिया और टीम के कठिन पुरुषार्थ की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीण जनता तक विभिन्न सकारात्मक गतिविधियों को पहुंचाया हैं।

महाविद्यालय के जनभागीदारी के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस आर कन्नौजे ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में प्रातः योग एवं यज्ञ से दिनचर्या की शुरुआत होती थी। महारैली, महास्वच्छता अभियान, ग्राम सर्वेक्षण, सांस्कृति विकास हेतु संध्याकालीन सांस्कृति गतिविधियां दिनचर्या की प्रमुख हिस्सा रही। स्वयंसेवियों द्वारा गांवों के लोगों को जागरूक करने हेतु विभिन्न रचनात्मक एवं सुधारात्मक गतिविधियाँ चलायी गयी। स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी दी तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बौद्धिक सत्र के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास, युवा जागृति, बाल संस्कार शाला, नारी जागरण जैसे विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों एवं अनुभवी व्यक्तियों ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत संगीत, नृत्य, वादन, योग, नाट्य, कविता, स्कैच, स्लोगन, निबंध जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतिम दिवस पर महाश्रमदान का आयोजन हुआ। स्वयंसेवियों को स्मृति चिह्न और विशेष प्रमाण पत्र आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती डॉ. सुमन बघेल, डॉ.अंजना ठाकुर, डॉ. संतोष ऊके, डॉ. युसूफ रजा बेग, डॉ. त्रिलोक देव, डॉ. सोनल मिश्रा, डॉ. के.एल.टांडेकर, डॉ.सुरेश पटेल, डॉ. प्रमोद महेश, हीरेन्द् ठाकुर, संजय देवांगन, डॉ. निर्मल उमरे, डॉ. फुलसो राजेश पटेल, डॉ.ए.एन.माखिजा, श्रीमती सीमा ए.लाल, अनिल चंद्रवंशी, जय सिंह साहू, डॉ.आई.आर सोमानी, श्रीमती प्रियंका गजभिये, विजय मानिकपुरी, गुणवंता खरे, डॉ.संजय थीसके, डॉ. माजिद अली, डॉ. आरके ठाकुर, के.के.द्विवेदी, आलोक जोशी, जैनेंद्र दीवान, बसीर जिलानी, बसंत यादव आदि ने भी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। शिविर में सिंघोला गांव के सरपंच मुकेश साहु उपसरपंच एवं सभी पंचगणों एवं समस्त ग्रामवासियों का शिविर व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भूखन ने शासन की योजना के तहत अपनी खेतीहर भूमि का बनवाया नि:शुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड



- मृदा स्वास्थ्य कार्ड से मिट्टी की उर्वरता और पोषक तत्वों की मिली जानकारी
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सलाह से फसल में नहीं लगी किसी प्रकार की कीट व्याधि प्रकोप
- गत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष धान की फसल बहुत अच्छी
- रबी मौसम में ड्रीप पद्धति से मक्के की खेती की तैयारी

राजनांदगांव (दावा)। शासन की योजना का लाभ लेते हुए भूखन ने अपनी खेतीहर भूमि का मिट्टी परीक्षण कराकर निश्शुल्क मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाया है और अच्छी पैदावार ले रहे हैं। छुरिया विकासखंड के ग्राम बम्हनी चारभांठा निवासी श्री भूखन धनकर ने मिट्टी परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाकर खरीफ सीजन में धान फसल लगाई है एवं रबी में ड्रीप पद्धति से मक्के की खेती की तैयारी कर रहे हैं। किसान श्री भूखन ने बताया कि वह अपनी कृषि भूमि का पहले मिट्टी जांच नहीं कराये थे, कृषि विभाग के मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्राम में सभी किसानों का मृदा नमूना संग्रहण किया जा रहा था। इसी दौरान मेरे खेत का भी मिट्टी नमूना लिया गया। भूखन के पास 4.890 हेक्टेयर रकबा खेतीहर भूमि है। कृषि विभाग द्वारा मिट्टी परीक्षण कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिया गया और मिट्टी की उर्वरता और पोषक तत्वों के संबंध विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिए निश्शुल्क आदान सामग्री जिंक सल्फेट, बोरेक्स, सल्फर, बूझा हुआ चूना, माईकोरायजा, जेडएसबी प्रदान किया गया और आदान सामग्री के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। उसी सलाह के अनुरूप उन्होंने खरीफ वर्ष में धान फसल ली है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा धान की फसल बहुत अच्छी है एवं किसी भी प्रकार की कीट व्याधि का भी प्रकोप बिल्कुल भी नहीं है। पूर्व वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष अधिक धान की उपज प्राप्त होने की संभावना है। श्री भूखन ने बताया कि इस रबी मौसम में ड्रीप पद्धति से मक्के की खेती करने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे सिंचाई के लिए कम पानी उपयोग होगा और पानी की बचत होगी।

उल्लेखनीय है कि शासन की योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों की खेतीहर जमीन का निश्शुल्क मिट्टी परीक्षण किया जा रहा है। किसानों को मिट्टी जांच के बाद मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध किया जा रहा है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के साथ किसानों को मिट्टी की उर्वरता और पोषक तत्वों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। किसानों को मिट्टी जांच रिपोर्ट के अनुरूप संतुलित खाद का उपयोग, देखरेख एवं मिट्टी के अनुरूप फसल लगाने की सलाह दी जा रही है। इससे किसान अधिक उत्पादन ले रहे हैं और उनके खेतों की मिट्टी का संरक्षण भी हो रहा है।

## अनमोल दावा

> महान लोग सदैव स्वयं की खोज में रहते हैं। जिस ज्ञान से मनुष्य स्वयं को जान सके वही सच्चा ज्ञान है।

## जन-जन का मिशन बनी स्वच्छता, देश को नई दिशा दे रही शौचालय क्रांति

यूनिसेफ की रिपोर्ट का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन से 1.25 करोड़ लोगों को किसी न किसी रूप में रोजगार मिला है। स्वच्छ भारत अभियान ने चक्रीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दिया है। इसके तहत घरों से निकलने वाले कचरे से अब खाद बायोगैस बिजली और सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले चारकोल जैसे पदार्थों का उत्पादन किया जा रहा है।

स्वच्छता के लिए सबसे महत्वपूर्ण जन आंदोलनों में से एक स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ के 10 साल पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता से संबंधित 10,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाएं शुरू कीं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने इस आंदोलन को मिले अपार जनसमर्थन पर प्रकाश डाला और कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक ने इसे अपना मिशन बना लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर वोट लेकर सरकार बनाने वालों ने कभी गंदगी को समस्या माना ही नहीं। सीधे शब्दों में कहें तो अब तक की सरकारों ने स्वच्छता के प्रति उपेक्षा का भाव अपनाया और शौचालयों की कमी को कभी राष्ट्रीय मुद्दा नहीं माना गया। उल्लेखनीय है कि देश में हरित, श्वेत, पीली, नीली आदि क्रांतियां तो हुईं, लेकिन शौचालय क्रांति की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। यही कारण रहा कि आधुनिकता और विकास के तमाम दावों तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में दुनिया भर में अपना लोहा मनवाने वाला भारत ऐसे देशों में अग्रणी रहा, जहां लोग खुले में शौच जाते हैं।

इस मामले में भारत पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका से भी पीछे रहा। यूपीए सरकार ने वर्ष 2012 तक सभी को शौचालय सुविधा मुहैया कराने के लिए देश के सभी जिलों में संपूर्ण स्वच्छता अभियान शुरू किया, लेकिन भ्रष्टाचार, नौकरशाही की सुस्ती और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण लक्ष्य दूर ही रहा।

इन्हीं परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में लाल किले की प्राचीर से अपने पहले संबोधन में जब स्वच्छ भारत का समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किया, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह लक्ष्य समय से पहले पूरा हो जाएगा। लोग क्या कहेंगे इससे बेपरवाह प्रधानमंत्री मोदी ने च्पहले शौचालय फिर देवालयज्ज् के अपने एजेंडे को लागू करने के लिए उसी साल महात्मा गांधी की जन्मतिथि अर्थात दो अक्टूबर से स्वच्छ भारत अभियान शुरू करने की घोषणा की। स्कूलों में छात्राओं के लिए शौचालय बनाने की योजना को 15 अगस्त से ही शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन को एक बड़े जन आंदोलन में बदलने के लिए सफाई मित्रों, धार्मिक गुरुओं, एथलीटों, प्रसिद्ध हस्तियों, गैर सरकारी संगठनों और मीडिया के सहयोग का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने इसके लिए राज्य सरकारों के साथ-साथ निजी क्षेत्र का सहयोग देने के लिए आह्वान किया कि उन्हें सामाजिक दायित्व के तहत शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देनी चाहिए। शौचालय क्रांति में नवविवाहिताओं की जिद ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री द्वारा शौचालय क्रांति के आह्वान के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों में नवविवाहिताओं ने ससुराल के उन घरों में रहने से साफ इन्कार कर दिया जिनमें शौचालय नहीं थे। इससे न केवल संबंधित परिवारों में, बल्कि समाज में भी शौचालय निर्माण के प्रति नई जागरूकता आई। इसका परिणाम यह हुआ कि मात्र 10 वर्षों में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हुआ और महात्मा गांधी की 150वीं जयंती अर्थात दो अक्टूबर, 2019 से पहले ही भारत खुले में शौच से मुक्त देश घोषित हो गया।

# चुनावी राजनीति : विचार आधारित नहीं रेवड़ी आधारित हुई

**दीपक बुद्धदेव**



भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस कारण यहां चुनावों के विषय में कई विशिष्ट सच्ची कहानियां हैं। धनाढ्य वर्ग लोकतांत्रिक प्रक्रिया बाबत उदासीन है। क्यों कि, उनकी स्थिति यथावत रहती है। उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन सा राजनैतिक दल सत्ता पर बैठता है और कौन सा बाहर रहता है? अनेक शहरी मतदाता मतदान दिवस को अवकाश दिवस मानते हैं। देश में जो गरीब वर्ग है, वे अनेक अभावों में जीवनयापन कर रहे हैं। वे गरीबी में विभिन्न समस्याओं से ग्रस्त हैं। उन्हे पैसा, कपड़ा, टेलिविजन और अन्य प्रोत्साहनरूपी लालच वोट पाने के लिए दिया जाता हैं। वोटों के बदले दलों और उनके नेता लोभ-लालच के साथ अनेक अवांछनीय हदें पार कर जाते हैं।

हाल ही, हरियाणा और उसके पहले राजस्थान, कर्नाटक, तेलंगाना, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में आयोजित विधानसभाओं के चुनावों में, राजनैतिक दलों ने चिर-परिचित वोट बैंकों को मुफ्त में पैकेज देने का वचन दिया था। 20 नवम्बर और झारखण्ड (13 और 20 नवम्बर को दो चरणों में) में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए, प्रमुख राजनैतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए एक दूसरे के साथ स्पर्धा कर रहे होंगे।

एक अन्य बात, कल्याणकारी नीतियों और मुफ्त पैकेज में अन्तर है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास संबंधी नीतियां कल्याणकारी हैं। सार्वजनिक सेवाएं तो तमाम वर्गों के लिए होती हैं। इसी कारण, इसका राज्य के बजट और सरकारी कार्यक्रमों में समावेश होता है। इसके विपरीत अपने वोट बैंकों को बनाए रखने के लिए, अपने फिक्स मतों को सुरक्षित रखने के आशय से मुफ्त पैकेज जिसे चालू भाषा में रेवड़ियां कहा जाता है, यह राजनैतिक प्रदूषण है।

गत 2023 साल में जिन बड़े राज्यों में चुनाव हुए हैं, वहां सत्तासीन पार्टी को पराजित करने लगभग तमाम दलों ने नई लुभावनी स्कीम्स जिसे रेवड़ी कल्चर कहा जा रहा है, यह अब भयावह बनता जा रहा है। अब सवाल यह कि क्या रेवड़ी कल्चर स्थायी हो गया है?

मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, पावर सबसीडी, मुफ्त खाद्यान्न, महिलाओं-वरिष्ठों के लिए बसों में मुफ्त यात्रा, कृषि लोन की माफी, मुफ्त लेपटाप, मुफ्त सायकल, मुफ्त गैस सिलेण्डर, महिलाओं को हर माह धनराशि, बेरोजगारों को हर माह पैसा, किसानों व मजदूरों को आर्थिक सहायता, 2023 से संबंधित राज्यों को रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। अनुमानित महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में मुफ्त रेवाड़ियों की कीमत 96000 करोड़ जितनी मोटी राशि हो गई है।

राजनैतिक दृष्टिकोण से देंखे तो लोकप्रिय होने के आशय से नेता अनियंत्रित खर्च कर के मतदाताओं को आकर्षित करने में सफल हुवे हैं। इतिहास इसका गवाह है। वोटबैंक बनाए रखने और चुनाव जीतने के ध्येय से मानव गुणवत्ता का ग्राफ भले ही नीचे चला गया हो, विकास की गुणवत्ता पर भले ही प्रश्नचिन्ह लगा हो, किन्तु ऐन-केन प्रकारेण चुनाव जीतना ही उद्देश्य होता है।

स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचनाएं, संशोधन, विकास जैसे अति आवश्यक जरूरतें देश में दम तोड़ रही हैं, इसका एक कारण रेवड़ी कल्चर भी है। मुफ्त की राजनीति की शुरूवात 1967 में तमिलनाडु में सस्तें चांवल एक रूपये प्रति किलो के दाम पर वितरण से हुई थी। निःसंदेह तत्कालीन नेता डीएमके के स्थापक अन्नाद्रराई चुनाव जीत गए और मुख्यमंत्री बन गए। उनकी सरकार बनी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से इस योजना पर अमल हुआ। किन्तु, राज्य सरकार पर आर्थिक बोझ पड़ते ही इस को बंद करना पड़ गया था। फिर बाद में, आन्ध्रप्रदेश में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने भी ऐसा ही कर दिया। फिर तो मुफ्त के पैकेजों का सिलसिला ही चल पड़ा। तमिलनाडू में नया कल्चर स्थापित हो गया। मुफ्त में टेलीविजन सेट, ग्राइन्डर मिक्सर, इलेक्ट्रानिक पंखे, लेपटाप, कम्प्यूटर, रोजगार, जमीनें और इससे भी अधिक नगद धनराशियां प्रमाणिक चुनावों को प्रभावित करने लगी जो आज भी प्रचलित है।

लाडली बहन योजना 18 साल के शासन के बाद फिर मध्यप्रदेश में भाजपा को सत्ता में वापस लाने में मददगार साबित हुई थी। हालांकि, तेलंगाना में के.चन्द्रशेखर राव की बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) को राज्य के चुनाव में मुफ्त का भरपूर पैकेज की घोषणा करने के बावजुद सत्ता से हाथ धोना पड़ा था। मतदाताओं को कांग्रेस की ऑफर ज्यादा आकर्षित लगी थी। राजस्थान में अशोक गहलोत की पांच गारण्टी और अन्य प्रोत्साहनों ने कांग्रेस को वापस लाने में कोई मदद नहीं की थी।

हमारे छत्तीसगढ़ में ही चुनाव में रेवड़ी योजनाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। यहां सत्ताधीन कांग्रेस और भाजपा दोनों ने ही रेवड़ी संस्कृति को अपनाया था। इसके बावजुद भाजपा राज्य में पुनः सत्ता हासिल करने में सफल हुई थी। यह सब दर्शाता है कि मुफ्त की चीजें महत्वपूर्ण लक्षण और आकर्षण तो है किन्तु चुनाव परिणामों में एक मात्र निर्णायक नहीं है।

कर्नाटक में 2023 में सत्तासीन भाजपा पर कांग्रेस की उल्लेखनीय जीत सत्ता विरोधी भावनाओं के साथ-साथ मुफ्त रेवड़ियों के वचनों के अमल में विश्वास होने के कारण महत्वपूर्ण बनी थी। विपक्षी पार्टियां मुफ्त कल्चर के कारण दुगूनी हो गई हैं। विशेष करके दिल्ली और पंजाब में ''आम आदमी पार्टी'' का स्थापित होना इसका उदाहरण है।

चुनाव युद्ध में राजनैतिक दलों के बीच स्पर्धात्मक लोकवाद की स्पर्धा चल रही है। झारखण्ड में चुनाव होते हैं। वहां आगामी विधानसभा के चुनावों के लिए, शासक झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) ने ''मैया सन्मान योजना'' को मुख्य चुनावी शस्त्र बनाया है। जिसमें 50 साल से अधिक की महिलाओं को 2500 रूपए प्रति माह दिए जायेंगे। भाजपा की परिवर्तन यात्रा भी राजनैतिक उद्देश्य से होने वाली थी। फिर, वह दो अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में समाहित हो गई थी। भाजपा ने महिलाओं के लिए ''गोगो दीदी योजना'' देनें का वचन भी दिया है। अगर वह सत्ता में वापस आ गई तो? हितग्राहियों को प्रति माह 2100 रू. दिए जायेंगे। उसने महाराष्ट्र में अकेले चुनाव पूर्व बजट में 96000 करोड़ की योजनाओं की घोषणा की थी। जिसमें मुख्यमंत्री ने ''मेरी लाडली बहन'' योजना को शामिल कर लिया था। जिस पर महायुती गठबंधन सरकार ने विशेष मदार रखा है।

जाति समीकरण को संतुलित करने के प्रयासों के साथ राजनैतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सहकारी स्पिनिंग मिले एवं सुगर फैक्टरिज के प्रति उल्लेखनीय उदारता की जा रही है। क्या ये प्रोत्साहन झारखण्ड और महाराष्ट्र गठबंधन को फिर से सत्ता प्राप्ति करने में मदद करेगी? यह भविष्य बतायेगा। भाजपा ने हाल ही रेवड़ी संस्कृति की आलोचना की थी और वह इसके लिए विरोधी दलों की आलोचना कर रही थी। अब स्वयं ही रेवड़ी प्रणाली में कांग्रेस के साथ स्पर्धा कर रही है। राजनैतिक निरीक्षकों ने भी इस बात को नोटिस में लिया है।

हाल ही सम्पन्न हुए हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों मतदाताओं को मुफ्त में ललचाने की कोशिश की थी। कांग्रेस के खास वचनों में महिलाओं के लिए 2000रू. मासिक भत्ता, वरिष्ठों और विधवाओं व अपंगो के लिए 6000 पेंशन, प्रति मकान 300 यूनिट बिजली मुफ्त जाति सर्वेक्षण करने की प्रतिबद्धता दर्शायी थी। पुरानी पेंशन योजना को पुनः स्थापित करेंगे, वचन दिया था। ''लाडो लक्ष्मी योजना'' अधीन दो लाख सरकारी नौकरियां और प्रति माह 2100 रूपये देने का वचन दिया था। किन्तु, इसके विरूद्ध भाजपा का वचन घोषणा पत्र कांग्रेस पर भारी पड़ा और मतदाताओं ने हरियाणा में तीसरी मरतबे भाजपा को सरकार बनाने का मौका दिया

वास्तव में लम्बे समय से प्रतिद्वंदी राजनैतिक दलों में विचारधारा की चालू रही प्रतिस्पर्धा बंद हो गई है। उसके बदले रेवड़ी प्रणाली ने स्थान ले लिया है। जिसमें विधायकों को ऐन केन प्रकारेण चुनाव जिताने उनकी पार्टियां काम करती हैं। जनता भी ''स्वाहित'' को प्राथमिकता देती है। देशहित नेपथ्य में चले जाता है।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 294 : राजा दशरथ ग्लानि में, राजपद के बदले पुत्र ने वन के लिए प्रस्थान किया

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



भगवान विष्णु के अवतार और मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्म तिथि के संबंध में अनेक मत हैं। इनमें से एक अध्ययन के अनुसार सूर्य पंचांग के अनुरूप 5 जनवरी 5089 ईसा पूर्व अर्थात आज से लगभग 7113 वर्ष पूर्व उन्होंने वनवास के लिए प्रस्थान किया था।

श्री राम अपने पिता के कल कहे गए शब्दों को याद कर रहे हैं कि पुत्र! आज चंद्रमा पुनर्वसु नक्षत्र में है और कल यह पुष्य नक्षत्र में होगा, उसे समय मैं तुम्हें अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहता हूं। तुम कल युवराज का पद ग्रहण करोगे। उधर मूर्छित राजा दशरथ जब भी थोड़ा चैतन्य होते हैं उन्हें ज्योतिष की वह बात याद आती है.... राजा का नक्षत्र सूर्य, मंगल और राहु के दुष्प्रभाव से घिरा हुआ है....इससे राजा और राज्य दोनों पर संकट की स्थिति है। ज्योतिष का एक संकेत यह भी था कि चंद्रमा कल 4 जनवरी को ही पुष्य नक्षत्र के अधिक निकट था. तो क्या मुझे सूर्योदय की प्रतीक्षा नहीं करनी थी और एक संक्षिप्त कार्यक्रम में राम को कल ही युवराज घोषित कर देना था? आज तो सूर्य, मंगल और राहु तीनों मेरी मीन राशि के रेवती नक्षत्र पर पहुंच गए हैं... अतः क्या मैंने कुछ क्षणों या प्रहर की देर कर दी और अयोध्या को ऐसा दिन देखना पड़ रहा है? राजा दशरथ के मन में अनेक तर्क उठ रहे हैं और उनके पास इनका कोई समाधान नहीं है।वे बार-बार प्रभु राम का स्मरण करते हैं और मूर्छित हो जाते हैं। अध्ययन के अनुसार उस समय चंद्र पंचांग का

चैत्र मास ही चल रहा था..राजा सोच रहे रहे हैं... मेरे मन में तो यह था कि राम को युवराज बनाने के बाद उसका 25 वां जन्मोत्सव एक सप्ताह बाद अयोध्या में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा. ऐसा भव्य। उत्सव होगा कि इंद्र की अलकापुरी की चमक भी फीकी पड़ जाएगी...।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)



## सामयिक चर्चा

### कारण रहस्य

खबर पढ़कर
बानी बोले - सचमुच गजाधर!
अब दीवाली करीब है,
तो नकली घी-खोवा
एवं मिठाईयों पर,
अंकुश की है दरकार।
पर शिकायत पर भी,
नहीं निकली टीम
ऐसा क्यों यार ?
आप बताएं,
इसका कारण क्या हो सकता है ?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-
तुम बहुत भोले हो बानी!
मैं क्या कहूॅं ?
इसके कारण का रहस्य,
'समझने वाला समझता है।'




-गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -214

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 213 का हल



## सू- दोकू क्र. 214

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 213 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## सृजन-छंद-अनुप्रास

### 'अंबुधर'



आकार विचित्र लिए, बादलों के झुंड आए,
पल-पल बदलती आकृति दिखाते हैं।
मेघमाला दृश्य बना, अंधेरा छाया है घना,
अंबुधर अंबर में,
मेघ को सजाते हैं।
'सुषमा' पहाड़ी बीच, कलकल छल-छल,
झर-झर झरकर,
झरना कहाते हैं।
बरखा का रूप धर, धरा में उतर कर,
वारिधि से मिलने को,
नदिया बहाते हैं।

सुषमा प्रेम पटेल
रायपुर छ ग

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।




**वृषभ**

आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जायेगा। बिजनेस साझेदार के साथ किए गए कामों से आज आपको फायदा होगा। आज आपको मान-सम्मान मिलेगा। अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप सीजनल फ्रूट शामिल करेंगे। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। आज आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते है।



**कर्क**

आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह भी लेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। छात्र अपनी पढ़ाई में नए बदलाव करेंगे।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं वह दिए गए काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज आप दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करेंगे और वह काम करेंगे, जो आपको पसंद है। बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्टमेंट किया था, उसका फायदा आपको आज मिल सकता है।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आप अपने आपको काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा।




**तुला**

आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। मास इन मीडिया कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अच्छा होगा।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं। पिताजी आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए धन खर्च करेंगे।




**मकर**

आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। आगे चलकर आपको नये सुनहरे अवसर मिलने की संभावना बढ़ेगी। आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय कर रहे लोग नई-नई योजनाओं को लागू करेंगे, जिससे व्यापार को आगे बढ़ा सके।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपमे चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज बिना किसी मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है।

# ई कुबेर पोर्टल से मजदूरों के मजदूरी भुगतान में आ रही तकनीकी परेशानी शीघ्र होगी दूर

**0 वन विभाग की ओर से किया जा रहा है सार्थक प्रयास**

**0 मजदूरी भुगतान मई माह से अटका, मजदूरों ने दिया ज्ञापन, आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं मजदूर**

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ उपवन मंडल परिक्षेत्र में श्रमिकों को मई महीने से मजदूरी का भुगतान नहीं मिला है। वन विभाग द्वारा ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग द्वारा मजूदरो को सीधे उनके खाते में भुगतान को लेकर बनाये गए ई कुबेर पोर्टल के चलते मजदूरों के घर की हालत खराब है वन विभाग द्वारा मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान ऑनलाइन ई पोर्टल के माध्यम से होने से उनके खाते में सही समय पर मजदूरी नही होने से मजदूरों की स्थिति बद से बदत्तर हो गई है। श्रमिकों ने उपवन मंडल डोंगरगढ परिक्षेत्र अधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर मजदूरी का भुगतान करने की मांग की है । मजदूरों की ओर से कहा गया है कि,मजदूरो को वन विभाग द्वारा सही समय पर भुगतान ना कर पाने के कारण मजदूरों के घर की माला हालत खराब हो रही है। विगत 7 महीनों से मजदूरी नहीं मिलने के कारण, उनके परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। त्यौहार में अपने बच्चों को कपड़ा तक नही दिला पा रहे है।

मजदूरों ने बताया कि डोंगरगढ उपवन मंडल परिक्षेत्र में मई 2024 में हमारे द्वारा कार्य किये गए थे तीसरी रेल लाईन में बनाने को लेकर वृक्षों का विद्योलन कार्य, कूप कटाई, अन्य कार्यो को कराया गया था, जिसका भुगतान ऑनलाइन होना था, लेकिन अब तक नहीं हुआ है। उपवन मंडल के रेंजर द्वारा मजदूरों को आश्वासन दिया गया था लेकिन अब मजदूर दीपावली पर्व को लेकर निराश है।मजदूरों ने वन विभाग के कार्यालय का बार-बार दौरा किया, लेकिन अधिकारियों ने केवल आश्वासन ही दिया। परिक्षेत्र अधिकारीयो ने कहा कि मजदूरों के खाते ऑनलाइन में दिए गए हैं,वे उच्चाधिकारियों को 'ई कुबेर पोर्टल1 में भुगतान को लेकर हो रही परेशानियों के विषय में सूचना दे चुके है।

### उपवन मंडल डोंगरगढ़ परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा अब लगातार होने लगा है भुगतान

उपवन परिक्षेत्र डोंगरगढ़ अधिकारियों ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जून जुलाई के समय 'ई कुबेर पोर्टल' के सॉफ्टवेयर में कुछ खामियों की वजह से कठिनाइयां आ रही थी लेकिन अब उन कठिनाइयों को धीरे-धीरे सुधार कर मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान शीघ्र ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर मजदूरों को ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था की गई है। सरकार द्वारा 'ई कुबेर पोर्टल' बनाने से मजदूरों के द्वारा किये गए काम में हाजरी को लेकर किसी भी प्रकार से होने वाले भ्रष्टाचार को रोका जा सके इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग द्वारा ऑनलाइन 'ई कुबेर पोर्टल' का संचालन किया गया है।

### ई कुबेर पोर्टल में अनेक खामियां

'ई कुबेर पोर्टल' के माध्यम से मजदूरों को होने वाली ऑनलाइन मजदूरी की व्यवस्था बहुत ही लचर स्थिति में चल रही है 'ई कुबेर पोर्टल' कभी 10 दिन बंद तो 5 दिन चलता है 'ई कुबेर पोर्टल' का लिंक लगभग गायब रहता है जिससे मजदूरों को पेमेंट होने में होने वाली देरी के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वन मण्डला अधिकारी राजनांदगांव आयुष जैन ने बताया कि मई जून के समय में मजदूरों की पेमेंट इधर-उधर खाते हो रही थी साथ ही बार बार लिंक का गायब होना 'ई कुबेर पोर्टल' के सॉफ्टवेयर में होने वाली खामियों की वजह से हो रही थी साफ्टवेयर में होने वाली खामियों में धीरे-धीरे सुधार करते हुवे पूर्ण रूप से सुधार कर लिया गया है। और अब पेमेंट सही खाते में जा रहा है। साथ ही ऑनलाइन पेमेंट में तेजी आई है। पेमेंट मजदूरों के खाते में पहुंचने के लिए सॉफ्टवेयर में और भी सुधार किया जा रहा है। जिससे मजदूरों को ऑनलाइन अपने खाते में मजदूरी प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशनों पर अनेक सुविधाएं उपलब्ध



**यात्रियों के वाहनों के पार्किंग तथा दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष सुविधा**

डोंगरगढ़(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत स्टेशनों पर रेल यात्रियों और बुजूर्ग यात्रियों के अलावा दिव्यांगजन यात्रियों को भी अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने हेतू मंडल सदैव प्रयासरत है। इन यात्रियों को रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा, स्टेशनों पर उन्नत व आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ विशेष दिव्यांगजन यात्रियों के लिए पार्किंग हेतु पृथक स्थान चिन्हित किया है।

वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के तहत 15 अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का कायाकल्प की तैयारी जारी है जहाँ दो पहिये एवं चार पहिए के लिए पृथक पार्किंग व्यवस्था का प्रावधान है। पार्किंग को व्यवस्थित कर उसे स्टेशन आने वाले लोगों और यात्रियों की सुविधा के अनुसार विकसित किया जा रहा है। यह सुविधा यात्रियों को उनकी गाड़ियों को सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से पार्क करने में मदद करेगी। यह पार्किंग सुविधा यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है, जिसमें पर्याप्त स्थान है। पार्किंग स्थल पर स्वच्छता का विशेष ध्यान, सुव्यवस्थित प्रवेश और निकासी व्यवस्था की गई है। वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों के लिए विशेष पार्किंग स्थान उपलब्ध हैं जिससे उन्हें विशेष सुविधा मिलेगी। पार्किंग क्षेत्र में 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा गार्ड और समुचित प्रकाश एवं वाहनों की सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए।

### दिव्यांगजन यात्रियों को दिए जाने वाली सुविधाओं में विस्तार

रेलवे स्टेशनों पर दिव्यांगजन यात्रियों को दिए जाने वाली सुविधाओं में विस्तार करते हुए स्टेशनों के पार्किंग स्टैंड पर दिव्यांगजनों के लिए पृथक पार्किंग स्थान चिन्हित किया जा रहा है ताकि वे अपना वाहन बिना किसी दिक्कत के आसानी से पार्क कर सकें। कई बार स्टेशन परिसर पर उबलब्ध पार्किंग स्टैंड में जगह के अभाव में दिव्यांगजन यात्रियों को अपने वाहन पार्क करने में काफी असुविधा होती है इसे ध्यान में रखे हुए अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उन्हें विशेष पार्किंग सुविधा उपलब्ध किये जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। दिलीप सिंह-वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने यात्री सुविधाओं एवं बढ़ते यातायात मांग के लिए इन विकास कार्यों का होना अत्यंत आवश्यक है तथा भविष्य में भी उन्नत और आधुनिक यात्री सुविधा के कार्य जारी रहेंगे जिसका एक महत्वपूर्ण प्रतीक स्टेशनों पर जारी पुनर्विकास के कार्य हैं। उन्होंने वर्तमान में स्टेशनों पर उपलब्ध पार्किंग स्टैंड के सभी ठेकोदारों को नियमानुसार पार्किंग किराया लेने, अवैध वसूली रोकने तथा यात्रियों को हर संभव मदद करते हुये उनसे मधुर व्यवहार करने का सख्त निर्देश दिये गए हैं।

# पहला कॉलम...

## स्टॉम्प वेंडर व दस्तावेज लेखक गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**दस्तावेज लेखन व स्टॉम्प विक्रय पूर्णत: बंद रहा**


डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन व्दारा कार्य परिवर्तन के चलते नाराज डोंगरगांव के स्टॉम्प वेंडर और दस्तावेज लेखक प्रदेश संघ के आव्हान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिसके चलते डोंगरगांव में पंजीयन कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों से संबंधित दस्तावेज लेखन व स्टॉम्प विक्रय पूर्णतः बंद कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव को 21 अक्टूबर से हड़ताल में जाने की सूचना दी गई है जिसकी प्रतिलिपी उपपंजीयक, तहसीलदार व थाना प्रभारी के नाम से भी दिया गया है। इस विषय पर दस्तावेज लेखकों और स्टॉम्प वेंडरों ने बताया कि उनमें से अधिकांश विगत 25 वर्षो से इस कार्य को कर रहे हैं और उनके परिवार का भरणपोषण इसी कार्य से होता है। शासन व्दारा अचानक लिए गए इस निर्णय से दस्तोवज लेखकों और स्टॉम्प वेंडरों के समक्ष आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। दस्तोवज लेखकों और स्टॉम्प वेंडरों की मांग है कि सरकार व्दारा उनके तथा उनके परिवार के भरण पोषण की समुचित व्यवस्था कर मानदेय/पेंशन की राशि प्रदाय किया जावे।

## करमरी के बच्चों ने जाना साइबर क्राइम के खतरों को



डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम करमरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को साइबर क्राईम के खतरों से अवगत कराया गया। 21 अक्टूबर को दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने करमरी स्कूल पहुंचकर साइबर क्राइम के खतरों और उससे बचने के उपाय के विषय में शाला के विद्यार्थियों को रोचक ढंग से उदाहरण प्रस्तुत कर जानकारी दी। इस दौरान साइबर क्राइम के अंतर्गत कम उम्र में होने वाले आत्महत्याओं और अन्य अपराधों की बढ़ती घटनाओं को भी रेखाँकित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य के.के.साहू द्वारा भी मोबाइल के अनुचित प्रयोग से बचने की सलाह दी गई। अध्ययन हेतु पाठ्यपुस्तकों एवं लिखित संसाधनों के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया।

## शदाणी सेवा मण्डल एवं शदाणी युवा मण्डल द्वारा रक्तदान शिविर




दुर्ग (दावा)। रविवार 20 अक्टूबर को जिला हॉस्पिटल दुर्ग में परम पूज्य सतगुरु साई गोबिंदराम साहिब के 80 साला अवतरण दिवस के अवसर पर पूज्य संत डॉ युधिष्ठिर लाल साहिब के सानिध्य में शदाणी सेवा मण्डल एवं शदाणी युवा मण्डल, सिंधी समाज दुर्ग नवदृष्टि फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा 101 यूनिट ब्लड जरुरत मंद मरीजो के लिए डोनेशन हुवा इस अवसर पर डॉ मनोज दानी (सीएमओ), डॉ श्री हेमंत साहू (सिविल सर्जन), डॉ प्रवीण अग्रवाल (नोडल अधिकारी ब्लड बैंक दुर्ग), डॉ पियूष श्रीवास्तव (ब्लड बैंक ऑफिसर दुर्ग), आसनदास मोहनानी (अध्यक्ष पूज्य सिंधी जनरल पंचायत दुर्ग), सेवकराम खत्री (अध्यक्ष पूज्य शदाणी सेवा मण्डल दुर्ग), राजू पाहुजा (अध्यक्ष शदाणी युवा मण्डल दुर्ग ), राज अडतीया, जितेंद्र हासवानी, प्रेम शोभानी (नव दृष्टि फाउंडेशन दुर्ग) विशेष रूप से उपस्थित थे।

## प्रेक्षक सीएल मार्कण्डेय आज जिले के भ्रमण पर रहेंगे

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नया रायपुर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर राजनांदगांव सीएल मार्कण्डेय को जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी के नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन नामावली तैयार/पुनरीक्षण हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री मार्कण्डेय आज 22 अक्टूबर को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। वे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी एवं ग्राम पंचायतों के पंच/सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन संपन्न कराए जाने के लिए तैयार किए जा रहे निर्वाचन नामावली पुनरीक्षित कार्य का अवलोकन करेंगे। निर्वाचन नामावली गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटि रहित तैयार हो, इस संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे।

# छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक जन कल्याण संघ के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन हड़ताल में गए दस्तावेज लेखक



**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

डोंगरगढ़(दावा)। स्थानीय दस्तावेज लेखक द्वारा छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक जन कल्याण संघ के नेतृत्व में दिनांक 21 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हडताल की सूचना से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम डोंगरगढ़ एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि, प्रदेश भर के पंजीयन कार्यालय में वर्षो से अवैतनिक सेवा देने वाले दस्तावेल लेखक एंव स्टाम्प विक्रेता के द्वारा अपनी कुछ जायज मांगो के पुरा किये जाने के लिये शासन का ध्यान आकृष्ट करने बाबत विभिन्न चरणों में अपना मांग पत्र सौपा गया था। परन्तु उक्त मांगों पर कभी भी विचार नहीं किया गया। जिसके कारण दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेता द्वारा अपने प्रदेश संघ के माध्यम से एक दिवसीय कलम बंद हडताल किये तत्पश्चात एक सप्ताह काली पटटी लगाकर विरोध स्वरूप कार्य किये एंव दिनांक 18,19,20 सितम्बर को तीन दिवसीय हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाकर पुनः ज्ञापन दिया गया था। जिस पर महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा हमारे संघ के प्रतिनिधि मंडल को सम्मान पूर्वक वार्ता के लिये आंमत्रित किया था और हमारी समस्याओं को 15 दिवस के अंदर पूरा किये जाने का आश्वासन दिया गया थां।

परन्तु एक माह बीत जाने पर भी हमें अवगत नही कराया गया। जबकि जानकारी के लिये हमने दिंनाक 10 अक्टूबर को पत्र लिखा जिसका कोई जवाब नही आया एवं इस बीच नये नये योजनाओं (आई टी साल्युशन, एनजीडीआरएस, ई - स्टाम्प) को लागु कर हमे करने को दिया गया है। हम अब तक बहुत ही सहजता से सभी योजनाओं व प्रक्रियाओं को स्वीकार कर पालन किया। परन्तु हमारी समस्याओं पर किसी ने ध्यान नही दिया। इस बीच एक नई योजना (सुगम एप) को आपके द्वारा लागु कर दिया गया है। जो एक पारदर्शिता के नाम पर आम व्यक्ति के द्वारा घर बैठे रजिस्ट्री करा सकने का प्रचार किया जा रहा है। जो एक प्रकार से दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं को बेरोजगार करने का उपक्रम प्रतीत हो रहा है। इसलिये अब हम शासन से अपनी आजीविका की सुरक्षा की गारंटी के साथ पूर्व में दिये गये ज्ञापन में दर्शित विभिन्न मांग के साथ समस्त दस्तावेज लेखकों एंव स्टाम्प विक्रेताओं को पंजीयन विभाग में समायोजित किये जाने की मांग करते हुये दिंनाक 21 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हडताल पर जाने के लिये बाध्य है। अतः इस पत्र के माध्यम से प्रदेश संघ पुनः शासन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहये है और आप से आशा करते है कि आप इस दिशा में अवश्य कोई सार्थक पहल कर हमारी जायज मांगो को पूरा किये जाने की कृपा करेंगे।

# भारतमाता स्कूल में हुआ कम्युनिटी साइबर जागरूकता और काउन्सलिंग कार्यक्रम



खैरागढ़ (दावा)। भारतमाता पब्लिक स्कूल में जिला पुलिस साइबर शाखा के सहयोग से जिला अधिकारी-कर्मचारी मुस्लिम फेडरेशन ने कम्युनिटी साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 02 पिपरिया में किया गया। रविवार 20 अक्टूबर को एसपी त्रिलोक बंसल के मार्गदर्शन और जिला साइबर शाखा प्रभारी अनिल शर्मा के निर्देशन में एसआई कमलेश श्रीवास्तव ने पिपरिया के मुस्लिम समुदाय के पालकों और विद्यार्थियों हेतु साइबर जागरूकता शिविर का आयोजन किया।

शिविर में पिपरिया के 45 विद्यार्थी और उनके पालक सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर साइबर शाखा के कमलेश श्रीवास्तव ने वित्तीय फ्रॉड और लैंगिक ट्रैप से बचने की विस्तृत जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम की व्यवस्था में पिपरिया की समाजसेवी शबाना बेगम का विशेष सहयोग रहा।

### फेडरेशन के काउन्सलिंग कार्यक्रम में बच्चों और पालकों में दिखा विशेष उत्साह

जिला अधिकारी कर्मचारी मुस्लिम फेडरेशन के द्वारा पिपरिया के भारतमाता स्कूल सहित अन्य शासकीय व निजी शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और उनके पालको हेतु स्टूडेंट्स पेरेंट्स काउन्सलिंग का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य आतिथ्य वार्ड के वरिष्ठ नागरिक समीर खान और अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. मकसूद अहमद ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्ड में इस तरह का पहला काउन्सलिंग का आयोजन है, जिसमे बच्चों और पालकों को एक साथ शामिल किया गया है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगो में खासा उत्साह है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. मकसूद ने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया, कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद बच्चों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अंतर विषय अध्ययन के प्रति रुचि जागृत करना और पलकों में शैक्षिक जागरूकता का विकास करना था। जहीन खान व शमसुल होदा खान (बाबा)ने बच्चों और पालकों को शिक्षिक विकास हेतु प्रोत्साहित किया। सभी काउंसेलर ने बच्चों के स्तर में सुधार हेतु आवश्यक सुझाव दिए।

### प्री-प्राइमरी से कॉलेज तक के 45 विद्यार्थी और इनके पालको ने की सहभागिता

फेडरेशन के काउन्सलिंग कार्यक्रम में पिपरिया वार्ड में निवासरत मुस्लिम समाज के प्री-प्राइमरी से कॉलेज तक के 45 विद्यार्थी और उनके पालको ने सहभागिता की। इस दौरान छः काउंसलर की टीम ने सभी विद्यार्थियों का उनके पालकों के समक्ष जानकारी प्राप्त करके प्रपत्र में एंट्री किया।

यह कार्य बच्चों की रुचि, प्रतिभा, करियर लक्ष्य और आ रही बाधा की पहचान करने में सहायक होगी। इसके आधार ओर उनके करियर की बेहतर में सहयोग किया जा सकता है। काउंसलिंग कार्य में लगे हुए फेडरेशन की विशेषज्ञ महिला सदस्य गजाला खान, सीमा खान, साबरा सरधारिया, नाजरीन नियाजी सहित समसूल होदा खान (बाबा), शेख कलीम खान, जहीन खान आदि ने शैक्षिक काउंसलिंग की बारीकियों के साथ स्टूडेंट्स और पालक से डेटा कलेक्ट करना, जैसे बेहद जटिल प्रक्रिया को सहजता से पूरा कर लिया। एकत्रित डेटा का विश्लेषण करके बेहतर योजना बनाकर सबके सहयोग से कार्य किया जाएगा।

### कार्यक्रम में पालक, विद्यार्थी, फेडरेशन सदस्य और ग्रामीण हुए शामिल

साइबर जागरूकता और काउन्सलिंग कार्यक्रम में पिपरिया वार्ड के सभी मुस्लिम परिवार, खासकर युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग ने बढ़-चढ़कर सहभागिता किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी समसुल होदा बाबा भाई और आभार प्रदर्शन जहीन खान ने किया। इस दौरान भारत माता स्कूल की संचालिका सीमा जैन, शिक्षिका मिताली वर्मा सहित फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. मकसूद अहमद, सचिव शेख कलीम, कोषाध्यक्ष कय्यूम कुरैशी, विधिक सलाहकार द्वय अधिवक्ता साबरा सरधारिया और अधिवक्ता गजाला खान, सदस्य सीमा खान, नाजरीन नियाजी, समाजसेवी शबाना बेगम, अमीन मेमन सहित बडी संख्या में पिपरिया के विद्यार्थी पालक व ग्रामीण उपस्थित थे।

# कलाओं के बेहतर संरक्षण एवं संवर्धन हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय घोषित करने सौंपा ज्ञापन



**पांडादाह स्थित राजगामी संपदा न्यासिक न्यास की भूमि का अधिग्रहण इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय के लिए अति आवश्यक है**

खैरागढ़ (दावा)। भाजपा का संकल्प हर वर्ग का कल्याण की तर्ज पर डबल इंजन सरकार से मांग है, कि पांडादाह स्थित राजगामी न्यास की भूमि का अधिग्रहण इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के नाम पर की जाए। जिसके लिए भाजपा नेता नरेंद्र सोनी ने जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। खैरागढ़ रियासत के तत्कालीन राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह एवं रानी पद्मावती देवी सिंह के द्वारा अपनी मंझली बेटी राजकुमारी इंदिरा की स्मृति में14 अक्टूबर 1956 को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। जो संगीत नृत्य लोककला एवं अन्य संबंधित विधाओं से जुड़े होने के कारण राज्य के अन्य विश्वविद्यालय भिन्न प्रकृति का है, जिसके कारण यह विश्वविद्यालय भारत का हीं नहीं पूरी एशिया का एकमात्र ललित कला के लिए समर्पित ख्याति प्राप्त संगीत विश्वविद्यालय है।

नरेंद्र सोनी ने आगे बताया कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा विभिन्न भाषाओं एवं अन्य विधाओं के लिए देश में कई केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई, जबकि शास्त्री संगीत, नृत्य, लोक संगीत, दृश्य कला एवं फाइन आर्ट, थिएटर चित्रकला से संबंधित अभी तक केंद्र शासन का कोई भी केंद्रीय विश्वविद्यालय भारत में नहीं है, इन सभी पारंपरिक व आधुनिक कलाओं के बेहतर संरक्षण एवं संवर्धन हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय घोषित करने एवं संबंधित विधाओं में सीटों की संख्या में इजाफा करते हुए, संसाधनों के लिए जमीन की अति आवश्यकता है। जिसके लिए पांडादाह में स्थित राजगामी की भूमि 600 एकड़ जमीन में से 400 एकड़ जमीन इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया ताकि जिलावासियों के लिए भी रोजगार के नित्य ने नए अवसर का सृजन हो सके और संपूर्ण भारतवर्ष से आए छात्र-छात्राओं को समस्त संसाधनों के साथ बेहद अनुकूल वातावरण में ललित कला का अध्ययन कर सके।

# शरद पूर्णिमा पर भक्ति में डूबा डोंगरगांव

**भजन गायिका शहनाज अख्तर ने दी शानदार प्रस्तुति**



डोंगरगांव (दावा)। सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बनी प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने शरद पूर्णिमा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में साढ़े तीन घंटे तक अंचल के लोगों को भक्ति रस में डुबोया। निशांत उत्सव समिति के आयोजन में रिकार्ड लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराया। डोंगरगांव कालेज मैदान में शरद पूर्णिमा के मौके पर निशांत उत्सव समिति ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने शिरकत की। पहली बार नगर में प्रस्तुति देने पहुंची शहनाज ने रात्रि 10 बजे से डेढ़ बजे तक अपनी प्रस्तुति से अंचल के लोगों को भक्ति रस मे डुबोते हुए जमकर थिरकने मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालोद के जूनियर योगी राजेश शर्मा ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ किया। पब्लिक डिमांड पर शहनाज ने लगभग 40 भजनों की प्रस्तुति दी। तकदीर मुझे ले चल, भगवा रंग, नौ दिन बनी दुल्हनिया, महाकाल है तो किस बात कि चिंता सहित अनेक भजनों में दर्शकों ने सुर मे सुर मिलते हुए जमकर झूमें। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति व्दारा चाय, पोहा का स्वल्पाहार वितरण किया, वहीं कार्यक्रम के बाद शरद पूर्णिमा के मौके पर दुर्गा मंदिर परिसर में डॉ.महेश गंजीर ने प्रतिवर्षानुसार दवा युक्त खीर का वितरण किया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रदीप गाँधी, संरक्षक दिनेश गांधी, संतोष वैष्णव, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, स्वरूपचंद जैन, बालकृष्ण सिन्हा, संतोष यादव, आयोजन समिति के हेमंत चोपड़ा, अमित गाँधी, सौरभ जैन, अमिताभ श्रीमाल, मनीष बोहरा सहित विशेष रूप से प्रशासनिक अधिकारी एस.पी.श्री गर्ग, एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार पी.एल.नाग, थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह सहित अन्य बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# पहला कॉलम...

## करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन्स में 50प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेंगे अदार पूनावाला

नई दिल्ली। वैक्सीन बनाने वाली दिग्गज भारतीय कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट के सीईओ अदार पूनावाला, बॉलीवुड के दिग्गज प्रोड्यूसर करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन्स में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने जा रहे हैं। अदार पूनावाला के नेतृत्व वाली सेरेन प्रोडक्शन, धर्मा प्रोडक्शंस और धर्माटिक एंटरटेनमेंट में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। सेरेन प्रोडक्शन और धर्मा प्रोडक्शन्स के बीच ये डील 1000 करोड़ रुपये में होगी। इस डील के बाद धर्मा प्रोडक्शन में बाकी की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी करण जौहर के पास ही रहेगी और वे कंपनी के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन बने रहेंगे। जबकि, अपूर्व मेहता धर्मा प्रोडक्शन्स के सीईओ के पद पर काम करते रहेंगे।

एक बयान में कहा गया है, पूनावाला के निवेश से धर्मा प्रोडक्शन्स की वैल्यू 2000 करोड़ रुपये आंकी गई है। अदार पूनावाला ने इस निवेश पर कहा, हमें उम्मीद है कि हम धर्मा का निर्माण तथा विकास करेंगे और आने वाले सालों में इसे और भी ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। करण जौहर ने अपनी कंपनी में सेरेन प्रोडक्शंस के निवेश पर कहा, ये साझेदारी हमारी भावनात्मक कहानी पेश करने की क्षमता और दूरदर्शी व्यावसायिक रणनीतियों का आदर्श मेल है। बताते चलें कि करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शन्स इस साल करीब 6 फिल्मों को प्रोड्यूस कर चुका है। इनमें योद्धा, बैड न्यूज, देवरा और जिगरा बड़े नाम हैं। अगले साल भी धर्मा प्रोडक्शन्स की कई फिल्में रिलीज होंगी। मार्च, अप्रैल और अगस्त में एक-एक फिल्म के अलावा अगले साल और भी कई फिल्में रिलीज होनी हैं।

## रेडियो टावर से टकराने के बाद क्रैश हुआ हेलीकॉप्टर, बच्चे समेत 4 की मौत

ह्यूस्टन । अमेरिका के ह्यूस्टन में एक हेलीकॉप्टर रविवार रात रेडियो टावर से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर सवार एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आर44 हेलीकॉप्टर ह्यूस्टन की एलिंगटन हवाई पट्टी से उड़ान भरने के बाद लगभग 15 मील की दूरी पर स्थित सेकंड वॉर्ड में हादसे का शिकार हुआ। हादसा किस वजह से हुआ इस बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

हादसे में मारे गए लोगों की पहचान और उम्र अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। दमकल विभाग ने सोशल साइट %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, च्अधिकारी दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।ज्ज् ह्यूस्टन शहर के काउंसिल सदस्य मारियो कास्टिलो ने बताया, च्सेकंड वॉर्ड में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर सरकारी स्वामित्व वाला नहीं था, बल्कि इसका संचालन एक निजी पर्यटन कंपनी करती थी।ज्ज् हालांकि, कास्टिलो के दावे की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकी है। स्थानीय मीडिया में प्रकाशित खबरों में कहा गया है कि बड़ी संख्या में आपात कर्मी हादसे वाली जगह की ओर जा रहे हैं। पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल के पास रहने वाले लोगों से आग्रह किया है कि अगर उन्हें अपनी संपत्ति पर ऐसा कुछ भी मिले, जो उनकी जांच में मदद कर सके, तो वो उनसे संपर्क करें। (एपी)

## शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

नई दिल्ली। ऑटो को छोड़कर, दूसरे सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए, जिसमें एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस और मीडिया में 1-2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी में टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, बीपीसीएल, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व सबसे ज्यादा गिरावट वाले स्टॉक्स में शामिल रहे। घरेलू शेयर बाजार लगातार टूट रहा है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भी बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स सोमवार को 73.48 अंक की गिरावट के साथ 81,151.27 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 72.95 अंक लुढ़ककर 24,781.10 के लेवल पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी में टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, बीपीसीएल, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व सबसे ज्यादा गिरावट वाले स्टॉक्स में शामिल रहे। जबकि एचडीएफसी बैंक, बजाज ऑटो, एशियन पेंट्स, एमएंडएम और आयशर मोटर्स टॉप गेनर स्टॉक्स के तौर पर उभरे। आज के कारोबार के दौरान ऑटो को छोड़कर, दूसरे सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए, जिसमें एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस और मीडिया में 1-2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1-1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

## बच्चों से भरी स्कूल बस पलटी; 4 बच्चे हुए गंभीर

कोटा। शहर के नांता थाना क्षेत्र में स्कूली बस पलट गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बस में फंसे बच्चों को कांच तोड़कर बाहर निकाला। बस में 30 बच्चे सवार बताए। जिनमें 4 बच्चे गंभीर घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल लाया गया। कोटा उत्तर के वार्ड नंबर 29 के पूर्व सहवरित पार्षद लटूर लाल ने बताया कि घटना दोपहर डेढ़ बजे के आसपास की है। सुभाष नगर में स्थित सत्यम स्कूल की बस छुट्टी होने के बाद बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। बस में 40-50 बच्चे सवार थे।

तभी ट्रेंचिंग ग्राउंड से पहले करणी नगर चौराहे पर अचानक स्कूल बस पलट गई। सड़क से 5-6 फीट नीचे जा गिरी। हादसे के बाद स्थानीय लोग मदद को दौड़े।

# साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों ने बांग्लादेश को घर में किया शर्मसार, सबसे कम स्कोर का बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। पाकिस्तान दौरे पर अपने दमदार खेल से दो मैचों की टेस्ट सीरीज जीतने वाली बांग्लादेश की टीम उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं पा रही है। भारत ने उसे अपने घर में दो टेस्ट मैच हराए। अब बांग्लादेश को अपने ही देश में शर्मसार होना पड़ा है। साउथ अफ्रीका ने मीरपुर में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में बांग्लादेश को सस्ते में ढेर कर दिया। पूरी टीम 106 रनों पर ही सिमट गई।



इसी के साथ बांग्लादेश ने टेस्ट में अपने सबसे कम स्कोर का नया रिकॉर्ड बना दिया है। ये बांग्लादेश का घरेलू जमीन पर पांचवां सबसे कम स्कोर है। वहीं ये मीरपुर में बांग्लादेश का तीसरा सबसे कम स्कोर भी है।

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने इस मैच में टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन मेजबान टीम के बल्लेबाजों ने कप्तान के फैसले को गलत साबित कर दिया। दूसरे ही ओवर में वियान मुल्डर ने शादमान इस्लाम को बिना खाता खोले पवेलियन की राह दिखाई। मुल्डर ने भी मोमिनुल हक को आउट कर बांग्लादेश को दूसरा झटका दिया। यहां से लगातार विकेट गिरते रहे।

टीम के लिए सबसे ज्यादा 30 रन सलामी बल्लेबाज महामुदुल हसन जॉय ने बनाए। उन्होंने 97 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से ये पारी खेली। उनके अलावा ताइजुल इस्लाम (16), मेहेदी हसन मिराज 13, मुस्फीकुर रहीम (11) ही दहाई के अंक में पहुंच सके।

साउथ अफ्रीका की तरफ से कगिसो रबाडा, मुल्डर और केशव महाराज ने तीन-तीन विकेट लिए। डेन पिएड्ट को एक विकेट मिला। रबाडा ने इसी के साथ टेस्ट में अपने 300 विकेट पूरे किए। वह अपने देश के लिए टेस्ट में सबसे 300 विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज बने हैं। रबाडा ने 11, 817 गेंदें फेंकने के बाद इतने विकेट लिए। इसी के साथ वह सबसे कम गेंदों में 300 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं।

# प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका हुई खारिज

नई दिल्ली। कर्नाटक हाई कोर्ट से निलंबित जनता दल (एस) के नेता प्रज्वल रेवन्ना को झटका लगा है। रेप और यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। इस मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस नागप्रसन्ना की अदालत ने एक महीना पहले इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जेडीएस के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न और रेप के तीन मामले दर्ज हैं।

**रेप और यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी**

इससे पूर्व न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की पीठ ने पहले मामले में रेवन्ना के आवेदन और इसी तरह की शिकायतों से संबंधित दो अग्रिम जमानत याचिकाओं पर दलीलें सुनीं। सुनवाई के दौरान अदालत ने वकीलों को निर्देश दिया कि वे पीड़ितों के नाम का जिक्र करने से बचें, इसके बजाय वे मामले से जुड़े दस्तावेजों में विशिष्ट विवरण का जिक्र करें। रेवन्ना की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभुलिंग के. नवदगी ने घटनाओं के वक्त का जिक्र करते हुए जोर दिया था कि जिस महिला ने इससे पहले रेवन्ना पर अवैध तरीके से उसके घर से निकाले जाने का आरोप लगाया था उसने शुरू में उन पर यौन दुर्व्यवहार का आरोप नहीं लगाया था। नवदगी ने आगे दलील दी थी कि फोरेंसिक रिपोर्ट में कथित वीडियो से रेवन्ना के संबंध का पता नहीं चलता और पीड़ित एवं उसकी बेटी के बयानों में विरोधाभास को रेखांकित किया।

## विमान में बम की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सरकार सख्त

नई दिल्ली। पिछले एक हफ्ते में करीब 100 फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें से सभी फर्जी थीं और इनके चलते उड़ान में काफी देरी हुई। इस मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है। उसका कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लेकिन, इस तरह का फर्जी कॉल करके पैनिक क्रिएट करने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। इसके लिए नियमों में जरूरी बदलाव भी किए जाएंगे। भले ही ये धमकियां झूठी साबित हुई हों, लेकिन हमारा विभाग और एयरलाइंस सख्त प्रोटोकॉल का पालन करती हैं। इस तरह की धमकियों से मामला काफी संवेदनशील हो जाता है। फिर एक अंतरराष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसका हमें पालन करना होता है। ऐसे फोन कॉल करने वालों को नो-फ्लाई सूची में डालने के लिए नियमों में संशोधन किया जा रहा है।

**सिर्फ बैन ही नहीं; जुर्माना और सजा भी मिलेगी**

नायडू ने यह भी बताया कि फोन कॉल आने की शुरुआत के बाद से हितधारकों के साथ कई बैठकें की गई हैं। अब विमान (सुरक्षा) नियमों में संशोधन पर विचार हो रहा है। इसका मकसद इस तरह की धमकियां देने वाले लोगों की पहचान करना और उन्हें नो-फ्लाई लिस्ट में डालना है। इस तरह की फर्जी धमकियों की बाढ़ आ गई है। 19 अक्टूबर को तो 24 घंटे के भीतर 11 विमानों में बम होने की धमकी मिली थी।

राम मोहन नायडू के मुताबिक, सरकार स्र्स्ष्ट्र एक्ट में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। इसके बारे में दूसरे मंत्रालयों के साथ भी चर्चा हो रही है। सरकार इसे संज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाना चाहती चाहती है। उन्होंने कहा कि हम यात्रियों की सुरक्षा के साथ भी किसी तरह का समझौता नहीं करेंगे। हमारा पूरा ध्यान स्थिति का आकलन करने पर क्योंकि यह बहुत ही नाजुक मसला है।

विमानों में बम की हॉक्स कॉल के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें गृह सचिव ने सीआईएसएफ के ष्ठत्र और ब्क्रष्ट्रस् के ष्ठत्र से थ्रेट कॉल पर पूरी जानकारी ली।

## रणजी ट्रॉफी में दोनों पारियों में शतक जमाने वाले अब्दुल समद बने पहले बल्लेबाज

नई दिल्ली। भारत के घरेलू क्रिकेट में जम्मू एंड कश्मीर ज्यादा मजबूत टीम नहीं मानी जाती है। हालांकि इस टीम के कुछ खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में काफ चर्चित हैं। उनमें से ही एक खिलाड़ी हैं अब्दुल समद। समद ने वो काम कर दिया है जो जम्मू एंड कश्मीर की तरफ से अभी तक किसी ने नहीं किया था। समद ने ओडिशा के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के मैच में ये कारनामा किया है।



समद ने बारबाती स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में अपनी टीम की दोनों पारियों में शतक जमाए। वह एक ही रणजी ट्रॉफी मैच की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले जम्मू एवं कश्मीर के पहले बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले किसी और ने ये कारनामा नहीं किया था। समद ने पहली पारी में मुश्किल हालात में टीम के लिए मैच बचाने वाली बल्लेबाजी की। दूसरी पारी में भी वह संकट के समय विकेट पर खड़े रहे। पहली पारी में समद ने 117 गेंदों पर छह चौके और नौ चौकों की मदद से 127 रन बनाए। समद की इस पारी के दम पर जम्मू एवं कश्मीर ने 270 रन बनाए। ओडिशा ने अपनी पहली पारी में 272 रन बना दो रनों की बढ़त ले ली। समद ने दूसरी पारी में भी बेहतरीन बल्लेबाजी की और नाबाद 108 रन बनाए। अपनी पारी में इस बार उन्होंने 100 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। 108 गेंदों का सामना करते हुए समद ने छह छक्के और पांच चौके मारे। जम्मू एवं कश्मीर ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट के नुकसान पर 270 रनों पर घोषित कर ओडिशा को 272 रनों का टारगेट दिया।

## कगिसो रबाडा ने टेस्ट में सबसे तेज 300 विकेट अपने नाम कर रचा इतिहास

नई दिल्ली। बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज हो गया है। सीरीज का पहला मैच आज से शुरू हो गया। मैच में बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी, लेकिन टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा।



इस बीच साउथ अफ्रीका के दिग्गज गेंदबाजों में शुमार कगिसो रबाडा ने एक नया कीर्तिमान बना दिया है। खास तौर पर बात अगर टेस्ट क्रिकेट की करें तो उन्होंने दुनियाभर के गेंदबाजों को पीछे छोड़ दिया है। कगिसो रबाडा ने टेस्ट में सबसे तेज 300 विकेट अपने नाम किए हैं। यहां हम बॉल फेंकने के हिसाब से बात कर रहे हैं।

कगिसो रबाडा ने जब आज अपना 300वां टेस्ट विकेट लिया, तब तक उन्होंने 11,817 बॉल फेंकी थी। इतनी कम बॉल में किसी ने भी ऐसा नहीं किया है। अब तक ये रिकॉर्ड पाकिस्तान के वकार यूनिस के नाम था। उन्होंने 12,602 बॉल पर ये कारनामा किया था, लेकिन अब वे पीछे छूट गए हैं। इतना नहीं बीच में भले ही दूसरे नंबर पर पाकिस्तान के वकार आ गए हों, लेकिन इस लिस्ट में तीसरे और चौथे नंबर पर भी साउथ अफ्रीका के ही गेंदबाज हैं।

## ओपीएस लेने वाले रिटायर्ड कर्मियों की पेंशन में हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा इस बाबत 18 अक्तूबर को कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित नीतियों के निर्माण के लिए नोडल विभाग है।




पुरानी पेंशन योजना के तहत रिटायर हुए कर्मचारियों के लिए खुशी की खबर है। भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन में 20 से 100 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्लान तैयार कर लिया है। अतिरिक्त पेंशन या अतिरिक्त अनुकंपा भत्ता पाने के लिए रिटायर्ड कर्मचारियों को आयु की शर्त पूरी करनी होगी। अगर वे अस्सी साल से 85 वर्ष की आयु के बीच में हैं तो उनकी बेसिक पेंशन में बीस प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। यानी उन्हें बीस फीसदी अतिरिक्त पेंशन या अतिरिक्त अनुकंपा भत्ता मिलेगा। एक तय आयु पार करने के बाद सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन में बतौर अतिरिक्त पेंशन या अतिरिक्त अनुकंपा भत्ते में, 100 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा इस बाबत 18 अक्तूबर को कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के अंतर्गत आने वाले केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित नीतियों के निर्माण के लिए नोडल विभाग है। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 के अंतर्गत आने वाले केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त सिविल कर्मचारियों को अतिरिक्त पेंशन देने के लिए शर्तें निर्धारित की गई हैं।

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की रेस से लगभग बाहर हुईं 4 टीमें!

नई दिल्ली। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अभी तक कुल दो एडिशन हो चुके हैं और तीसरा खेला जा रहा है। एक बार न्यूजीलैंड ने और एक बार ऑस्ट्रेलिया ने ड्ड्ढञ्जष्ट का खिताब जीता है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 में 9 टीमें हिस्सा ले रही हैं और फाइनल में पहुंचने के लिए जोर आजमाइश कर रही हैं। 9 टीमों से 4 का फाइनल में पहुंचना बहुत ही मुश्किल नजर आ रहा है। ये टीमें फाइनल की रेस से लगभग बाहर हो चुकी हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के एक एडिशन में हर टीम को कुल 6 सीरीज खेलनी होती हैं, जिसमें 3 अपने घर पर और 3 विदेश में। हर सीरीज में दो से लेकर पांच टेस्ट मैच हो सकते हैं।

### 1. वेस्टइंडीज

वेस्टइंडीज की टीम इस समय प्वाइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर मौजूद है। टीम ने अभी तक कुल 9 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से सिर्फ एक ही जीता है, जबकि 6 मैच हारे हैं। जबकि उसका पीसीटी 18.52 है। उसे अभी चार टेस्ट (दो बांग्लादेश के खिलाफ और दो पाकिस्तान के खिलाफ) मैच खेलने हैं। अगर वह बचे हुए चार मैच जीतने में सफल भी हो जाती है, तो उसका पीसीटी 43.59 होगा, जो फाइनल में पहुंचने के लिए काफी नहीं होगा। वेस्टइंडीज की फाइनल की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं।



### 2. पाकिस्तान

पाकिस्तानी टीम पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। टीम को अपने घर पर बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-0 से गंवानी पड़ी थी। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में हार मिली। पाकिस्तानी टीम इस समय प्वाइंट्स टेबल में 8वें नंबर पर मौजूद है। टीम ने 9 मुकाबले खेले, जिसमें से 3 जीते और 6 हारे हैं। उसका पीसीटी 25.93 है। उसके अभी 5 टेस्ट मैच बचे हुए हैं, जो उसे इंग्लैंड (एक टेस्ट), साउथ अफ्रीका (दो टेस्ट) और वेस्टइंडीज (दो टेस्ट) के खिलाफ खेलने हैं। अब अगर पाकिस्तानी टीम बाकी सारे मुकाबले जीत भी जाती है, तो भी उसका पीसीटी 60 से ऊपर नहीं पहुंच जाएगा। इस स्थिति में उसका भी फाइनल में पहुंचना नामुमकिन नजर आ रहा है।

### 3. बांग्लादेश

बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। लेकिन इसके बाद उसे भारत के खिलाफ सीरीज गंवानी पड़ी है। वह प्वाइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर मौजूद है, टीम ने अभी तक कुल 8 मुकाबले खेले, जिसमें से 3 जीते और पांच हारे हैं। उसका पीसीटी 34.38 रहा है। बांग्लादेश को अभी चार टेस्ट (वेस्टइंडीज के खिलाफ दो और साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो) खेलने हैं। अगर टीम चारों मैच जीतने में सफल भी हो जाती है, तो उसका पीसीटी 56.25 होगा। जो ऐसा नहीं होगा कि वह प्वाइंट्स टेबल के टॉप-2 में फिनिश कर सके।

### 4. इंग्लैंड

इंग्लैंड की टीम प्वाइंट्स टेबल में पांचवें नंबर पर मौजूद है, टीम ने 18 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से 9 जीते और 8 हारे हैं। उसका पीसीटी 43.06 है। इंग्लैंड को अभी चार टेस्ट मैच (पाकिस्तान के खिलाफ एक और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन) खेलने हैं। ये सभी मैच जीतकर इंग्लैंड की टीम 57.95 पीसीटी तक ही पहुंच सकती है, जो फाइनल में पहुंचने के लिए नाकाफी होगा।

# प्रथम पेज का शेष

***विदेश सचिव का बड़ा ऐलान....***

झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। बाद में भारत ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया था। इसमें करीब 60 चीनी जवान मारे गए थे। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच लाओस में अहम बैठक हुई। इसमें नेताओं के बीच भारत-चीन सीमा विवाद पर चर्चा हुई। जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री से 'एलएसी' और पहले हो चुके समझौतों का सम्मान करने की बात कही। जयशंकर ने कहा कि संबंधों को स्थिर करना ही दोनों देशों के हित में है। उन्होंने वांग यी से भारत-चीन संबंधों को फिर से बहाल करने की राह में सीमा विवाद को मुख्य वजह बताया। उन्होंने कहा कि सीमा पर जैसे हालात होंगे वैसे ही हमारे रिश्तों में भी दिखेगा।

***दिल्ली में ग्रैप का दूसरा चरण लागू...***

हमने प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के लिए इलाज के लिए अलग से ओपीडी शुरू की है। हमारे पास सांस लेने में दिक्कत, त्वचा में जलन की समस्या, गले में खराश-जुखाम, सांस फूलना, आंखों में जलन से जुड़े मरीज आ रहे हैं। हमने एक एडवाइजरी बनाई है जिसमें दिया गया है कि क्या करें और क्या न करें।

***मैरिटल रेप केस : पीड़ित पतियों का प्रदर्शन..***

दिल्ली हाई कोर्ट के अधिवक्ता मनीष सिंधवानी इस प्रोटेस्ट का नेतृत्व कर रहे थे। वह खुद पत्नी पीड़ति रह चुके हैं। उन्होंने खुद शिकार बनने के बाद ऐसे लोगों की मदद करने का फैसला किया था, जो पत्नी से पीड़ित हैं। इसी के चलते उन्होंने न्याय प्रयास फॉउन्डेशन की शुरुआत की थी।

पुरुषों के खिलाफ कानून का होगा दुरुपयोग - प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता मनीष सिंधवानी ने कहा कि अगर ये कानून पास हुआ तो हर घर में रहने वाले पुरुषों को रेपिस्ट बता कर जेल भेजा जा सकता है। मामूली झगड़े पर पत्नी पति को जेल भिजवा सकती है। पति को ब्लैकमेल किया जा सकता है। सहमति से संबंध की बात को साबित करना पति के लिए नामुमकिन हो जाएगा।

'सहमति' साबित करना संभव नहीं होगा - रात की सहमति अगले दिन किसी भी विवाद या झगड़े के बाद बदली जा सकती है। मनीष सिंधवानी का कहना था कि पहले से ही महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर बने कानूनों का जमकर दुरुपयोग हो रहा है। चाहे घरेलू हिंसा हो या दहेज उत्पीड़न या फिर यौन हिंसा के कानून हो। अधिकांश मामलों में महिलाएं इन कानून के नाम पर पति का उत्पीड़न करती आई हैं। ऐसे में अगर ये नया कानून भी पास हो गया तो महिलाओं को पुरुषों के खिलाफ मिसयूज करने के लिए एक और कानून मिल जाएगा।

***मदरसे बंद करने के आदेश पर... ...***

इससे पहले मुस्लिम समुदाय के संगठनों और नेताओं ने कहा था कि मदरसों को सरकारी आर्थिक सहायता देने पर रोक लगाने की एनसीपीसीआर की अपील से केरल के मदरसों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि इन्हें राज्य में ऐसी कोई वित्तीय मदद नहीं मिलती।

0 मदरसों की कार्यप्रणाली पर जताई थी चिंता- एनसीपीसीआर ने मदरसों की कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा था कि जब तक वे शिक्षा के अधिकार अधिनियम का अनुपालन नहीं करते, उन्हें सरकार की ओर से दी जाने वाली सहायता बंद कर देनी चाहिए। एनसीपीसीआर ने अपनी नई रिपोर्ट आस्था के संरक्षक या अधिकारों के उत्पीड़क? में कहा है कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के दायरे में नहीं आने वाली धार्मिक संस्थाओं का नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रिपोर्ट के अनुसार, मदरसों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम से छूट दिए जाने के कारण इन संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हो रहे हैं।

***सीट शेयरिंग को लेकर महाविकास ...***

कहा जा रहा कांग्रेस विदर्भ से शिवसेना को तीन सीटें देने के मूड में नहीं है। कांग्रेस और शिवसेना यूबीटी के बीच सीट बंटवारे को लेकर शुरू हुए इस विवाद को सुलझाने में शरद पवार अहम भूमिका निभा सकते हैं। शरद पवार को एमवीए का सूत्रधार कहा जाता है। उनकी सियासी समझ को भी सबसे अव्वल माना जाता है। इसलिए राजनीतिक हल्कों में चर्चा है कि वह इस विवाद को सुलझा देंगे। 0 बीजेपी ने 99 सीटों पर उतारे उम्मीदवार- दूसरी तरफ महायुति में भी अभी सीट बंटवारे को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। लेकिन बीजेपी ने रविवार को 99 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि महायुति में कुछ ही सीटों पर द्वंद की स्थिति है बाकी सीटों को लेकर आपसी सहमति बन चुकी है।

0 इस बार दिलचस्प होगी चुनावी जंग- महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होना है। वहीं, चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। शिवसेना और एनसीपी के दो फाड़ होने के बाद महाराष्ट्र में यह पहला चुनाव होने जा रहा है। यही वजह है कि इस बार के चुनावी रण के ज्यादा दिलचस्प माना जा रहा है। अब देखना अहम होगा कि जनता इस बार किसे महाराष्ट्र की सत्ता सौंपती है।

***पीएम मोदी की डिग्री पर दिया...***

अपनी बात रखने का निर्देश दिया। अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह ने अपनी याचिका में कहा कि गुजरात यूनिवर्सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में मानहानि का मामला दायर नहीं कर सकती है। उसे सत्र अदालत में जाना चाहिए। इस मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बीते साल 15 अप्रैल को आप नेता अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को तलब किया था। दोनों नेताओं ने समन को चुनौती देते हुए सत्र अदालत में एक पूनर्विचार याचिका दायर की थी। खास बात है कि इस याचिका से भी आप नेताओं को राहत नहीं मिली थी। कोर्ट ने इस याचिका को भी खारिज कर दिया था। 0 सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली राहत- इसके बाद आप नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट से भी दोनों आप नेताओं को राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केजरीवाल और संजय सिंह की याचिका खारिज कर दिया है।

***राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे...***

तथा शाम छह बजे राजभवन लौटेंगी और रात्रि विश्राम करेंगी। श्रीमती मुर्मु अगले दिन 26 अक्टूबर को सुबह नौ बजे विवेकानंद सरोवर, रायपुर का दौरा करेंगी। सुबह 10 बजे रायपुर एयरपोर्ट से भिलाई के लिए प्रस्थान करेंगी। सुबह 11 बजे आईआईटी भिलाई के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। अपराह्न 1.30 बजे भिलाई से वापस रायपुर स्थित राजभवन लौटेंगी। अपराह्न 3.30 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति चिकित्सा एवं आयुष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। शाम पांच बजे दीक्षांत समारोह के बाद दिल्ली के लिए रायपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान करेंगी।

# आत्मविश्वास में कमी व्यक्तित्व विकास में बाधक होती है - संजय अग्रवाल

राजनांदगांव (दावा)। अग्र बायोडाटा सेंटर रायपुर एवं श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तोतले बच्चों के उपचार शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बालक में प्रतिभाएं हुआ करती है , किंतु अगर बालक के बोलने में तोतलापन हो तो उसके मन में आत्मविश्वास की कमी हो जाती है और आत्मविश्वास की कमी व्यक्तित्व विकास में बाधक होती है। जिससे उसका विकास समुचित रूप से नहीं हो पाता, आज मुझे यहां उपस्थित होकर अनेक बच्चों के द्वारा प्रस्तुत अपनी भाषा के सुधार के पश्चात दिए गए कथन से आश्चर्य हो रहा है कि केवल चार दिन की निःशुल्क ट्रेनिंग के पश्चात बच्चों का तोतलापन दूर हो गया है।

उन्होंने इस कार्य को करने वाले ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल से आग्रह किया कि ऐसी प्रतिभा भविष्य में लुप्त ना हो इसके लिए प्रयास किया जाए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि अग्र बायोडाटा सेंटर रायपुर एवं श्री सत्यनारायण मंदिर समिति का सेवा कार्य अभिनंदनीय है, किसी भी भेदभाव के बिना सभी समाज के बच्चों के लिए आयोजित निशुल्क शिविर का यह आयोजन वास्तव में सराहनीय प्रयास है, इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उपचार प्राप्त बच्चों के अभिभावकों द्वारा जो कथन मंच पर किया गया, इससे ऐसा लगा जैसे ईश्वर ने स्वयं उपस्थित होकर उपचार किया है।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने स्वागत उद्बोधन में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए तोतले बच्चों के द्वितीय निःशुल्क उपचार शिविर का वृत रखते हुए बताया कि यह शिविर समाजसेवी सुशील अग्रवाल की प्रेरणा से आयोजित किया गया है। शिविर में उड़ीसा के बोध जिला, महाराष्ट्र के नागपुर, तुमसर, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद, मानपुर, जालबांधा, अर्जुन्दा के साथ ही नगर के 52 लोगों का पंजीयन हुआ, जिसमें साढ़े तीन वर्ष से लेकर चालीस वर्ष तक के तोतले लोग शामिल थे। इस शिविर में अपनी सेवा प्रदान करने वाले ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल ने कहा कि यह उपचार स्वयं ईश्वर के द्वारा ही किया जाता है, प्रत्येक मरीज की 20 - 20 मिनट की अलग - अलग क्लास लेकर बार बार उन्हीं शब्दों का उच्चारण कराना इस 72 वर्ष की उम्र में तेरह घंटे लगातार कार्य करना, किसी के लिए भी संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि 52 में से 42 लोगों ने ही उपचार कराया जिसमें 39 व्यक्तियों की 100 प्रतिशत एवं तीन व्यक्ति की 80 प्रतिशत आवाज शुद्ध हो गई है, सभी प्रतिभागी को एक माह तक घर में अभ्यास करने पत्रक दिया गया है, जिसके अभ्यास से प्रतिभागी एकदम शुद्ध उच्चारण करने में सफल होगा। विशिष्ट अतिथि अग्र बायोडाटा सेंटर के अध्यक्ष श्याम गोयल ने कहा उनकी समिति तोतले बच्चों के उपचार शिविर के अलावा विधवा - विधुर एवं तलाकशुदा लोगों का वैवाहिक परिचय सम्मेलन, रक्तदान शिविर के साथ ही अनेक सेवा कार्य करती आ रही है।





**तोतले बच्चों के उपचार शिविर का हुआ समापन समिति का सेवा कार्य अभिनंदनीय है - मोहित गर्ग**

कार्यक्रम में चार बच्चों ने एवं दो अभिभावकों ने अपने अनुभव को साझा किया। नागपुर से अपने बच्चे का उपचार करने आई 40 वर्षीय महिला ने अपना स्वयं का भी उपचार कराकर आवाज के तोतलापन को दूर करने में सफलता प्राप्त की। तोतले बच्चों के उपचार शिविर के समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधीश संजय अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल, श्याम गोयल, अशोक लोहिया द्वारा भगवान श्री सत्यनारायण जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया, अतिथियों का स्वागत समिति द्वारा मोती की माला पहना कर एवं शाल ओढ़ाकर किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्र बायोडाटा सेंटर रायपुर के संरक्षक रूपचंद अग्रवाल, नारायण प्रसाद अग्रवाल एवं राजकुमार अग्रवाल के साथ ही मंदिर समिति के विष्णु प्रसाद लोहिया, पवन लोहिया, राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, सुरेश अग्रवाल, संतोष सिंघल, रामावतार जोशी, ओमप्रकाश शर्मा, हरीश अग्रवाल, राजेश शर्मा, ओमप्रकाश भूतड़ा के अलावा 40 प्रतिभागी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे। सभी प्रतिभागियों को अतिथियो के हाथों ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल, मुख्य अतिथि जिलाधीश संजय अग्रवाल, समारोह अध्यक्ष मोहित गर्ग, अग्र बायोडाटा सेंटर के अध्यक्ष श्याम गोयल एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया के हस्ताक्षर युक्त प्रमाणपत्र एवं उपहार प्रदान किया गया। मंच का सफल संचालन लक्ष्मण लोहिया ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों के लिए समिति द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी।

## कोहका मार्ग पर भारी वाहन मालवाहकों पर लगा प्रतिबंध

मोहला (दावा)। मानपुर चौक से कोहका मार्ग जर्जर/जीर्ण-शीर्ण एवं निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन होने के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एस.जयवर्धन ने लोक सुरक्षा एवं शांति तथा आवागमन सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार मोटरयान अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मानपुर कोहका मार्ग को 18 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक के लिए भारी वाहन मालवाहकों को प्रतिबंधित घोषित किया गया है। प्रतिबंधित अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किया गया है। राजनांदगांव की ओर से आने वाली बड़ी वाहनों के लिए अंबागढ़ चौकी-चिल्हाटी-कोरची-चंद्रपुर होते हुए महाराष्ट्र को जाएगी। इसी प्रकार छोटी वाहन अंबागढ़ चौकी से मोहला मानपुर होकर कोहका जाएगी।

# शिवनाथ नदी में कूदकर युवक ने दी जान





**सुसाइड नोट में हल्दीराम के साहब और एसएस फूड को बताया वजह**

दुर्ग। दुर्ग शहर से सटे शिवनाथ नदी पुल से कूदकर रविवार रात को एक और शख्स ने आत्महत्या कर ली. एसडीआरएफ की टीम ने सोमवार को उसकी लाश नदी से बाहर निकाली. मामले की पड़ताल में जुटी पुलिस को मृतक की कार से सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा था कि हल्दीराम के साहब और एसएस फूड प्राइवेट लिमिटेड के मालिक के कारण आज मैं ये काम करने जा रहा हूं, क्योंकि दोनों ने मेरा हिसाब नहीं बनाया.

शिवनाथ नदी ब्रिज से छलांग लगाकर खुदकुशी करने वाले शख्स की पहचान दुर्ग के दीपक नगर में रहने वाले रविराज रंधावा (48 साल) के रूप में हुई है. एसडीआरएफ की टीम ने नदी में डूबे शख्स का शव आज बाहर निकाला. पुलिस को ब्रिज पर उसकी कार से एक सुसाइड नोट मिला है. मृतक ने आत्महत्या के लिए हल्दीराम के साहब और एसएस फूड प्राइवेट लिमिटेड के मालिक पर परेशान करने को वजह बताया है. रविराज रंधावा ने सुसाइड नोट में 17 अक्टूबर का डेट लिखा है. इसमें लिखा है कि आज मैं हल्दीराम के साहब और एसएस फूड प्राइवेट लिमिटेड के मालिक के कारण ये काम करने जा रहा हूं, क्योंकि दोनों ने मेरा हिसाब नहीं बनाया. मेरा आप सबसे अनुरोध है कि मेरा पुराना पूरा हिसाब बनाया जाए और पैसा मेरे परिवार को दिया जाए. उसने आगे लिखा कि मेरे परिवार को कोई परेशान ना करे. जो भी पैसा है वो मेरे परिवार के अकाउंट में दिया जाए. मृतक ने यह भी लिखा है कि सुमित, सचिन और जेडएसएम सर को इसकी जानकारी थी. एसडीआरएफ प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें रविवार रात 11-12 बजे के बीच सूचना मिली थी कि पीपरछेड़ी ब्रिज के ऊपर एक लावारिश कार खड़ी है, और किसी युवक ने ब्रिज से शिवनाथ नदी में छलांग लगाकर खुदकुशी की है. स्ष्ठक्रस्न की टीम वहां पहुंचकर नदी में तैर कर शव को बाहर निकाला. पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है.

## एसपी गर्ग ने तेजस्वी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



ठेलकाडीह (दावा)। जिले के पुलिस अधीक्षक आईपीएस मोहित गर्ग ने तेजस्वी वर्मा को सोमवार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

आपको बता दे की तेजस्वी वर्मा के द्वारा जिला राजनांदगांव पुलिस द्वारा संचालित साइबर जागरूकता अभियान एवं आम जनता को यातायात नियमों की जानकारी दिए जाने के संबंध में आयोजित कार्यक्रमों में राजनांदगांव पुलिस को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सहयोग प्रदान किया गया द्य जिसके कारण राजनांदगांव जिले के कप्तान मोहित गर्ग ने वर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया द्य हालाकि तेजस्वी वर्मा विगत वर्षों से पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण, यातायात जागरूकता सहित विभिन्न कार्य स्वयंसेवक के रूप में करते रहे।

## जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्यौता भोज



हरदी (दावा)। तोमेश्वरी साहू मैडम एवं श्यामकिरण नुन्हारे सर द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला के बच्चों एवं शिक्षक स्टाफ को न्यौता भोज में सेवई, पुड़ी, पेन, मिठाई वितरण किया गया जिसमें शाला के प्रधान पाठक विमला बोरकर, अनिल कुंवर सेवता, नितेश कुमार लोनहारे सर, रोशन लाल साहू सर, इंदु भुआर्य, सुरेंद्र मारकण्डे उपस्थित रहे।

## आज छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति संघ का दो दिवसीय धरना प्रदर्शन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर पंजीयन क्रमांक 6685 के आव्हान पर लंबित 3 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 30/10/2024 को जिला मुख्यालय मोहला में मां छुरिया मंदिर प्रांगण में जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला मोहला मानपुर अं चौकी के द्वारा जिले के सभी 19 सहकारी समितियों को बंद कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा एवं 22 अक्टूबर 2024 को मां छुरिया मंदिर प्रांगण में धरना प्रदर्शन के बाद दोपहर 2:00 बजे रैली निकाल कर, प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के नाम से ज्ञापन, कलेक्टर महोदय मोहला को सौपा जाएगा।

इस दो दिवसीय जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन के कारण समिति के समस्त कार्य खाद वितरण, नगद ऋण वितरण धान खरीदी पंजीयन कार्य, नया सदस्य बनाने का कार्य, बचत बैंक का कार्य एवं समिति द्वारा संचालित समस्त राशन दुकान एवं गैस एजेंसी कार्य पूर्णतः बंद रहेगा उक्त जानकारी भाईलाल देवांगन अध्यक्ष जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी ने दी।

# डोंगरगांव में हुआ निःशुल्क नवोदय कोचिंग का शुभारंभ



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का उद्देश्य से जिला साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ व तहसील साहू संघ डोंगरगांव के संयुक्त तत्वाधान में कर्मा भवन मटिया रोड डोंगरगांव में निःशुल्क नवोदय कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के प्राध्यापक डॉ.चेतन साहू मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यशवंत साहू, जिला के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील डोंगरगांव के अध्यक्ष हेमंत साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयंत साहू, जिला संगठन सचिव माधव साहू, हिरदे राम साहू, तहसील के समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति में कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया।

समाज के द्वारा कैरियर गाइडेंस शिविर, पीएससी, व्यापम की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग के पश्चात अब नवोदय की प्रवेश परीक्षा के लिए बच्चों को तैयार करने के उद्देश्य से साहू समाज में निशुल्क निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है जिसमें कोई भी समाज के योग्य बच्चे लाभ ले सकते हैं। शुभारंभ के अवसर पर डॉ.चेतन साहू ने कहा कि समाज के द्वारा यह पहल सराहनीय है, जिससे प्रतिभावान बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संयोजक यशवंत साहू ने कहा कि समाज में सामाजिक अनुशासन के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान देना होगा। पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू ने कहा की समाज में सभी वर्गों को जोड़ने के लिए इस तरह के कई सारी रचनात्मक गतिविधियों को किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने भी संबोधित करते हुए तहसील संघ डोंगरगांव द्वारा किए गए अब तक के रचनात्मक गतिविधियों से सदन का अवगत कराया तथा इस आयोजन को सफल बनाने हेतु पूर्ण रूप से सहयोग का आश्वासन दिया गया। कोचिंग क्लास संध्या 5 बजे से रखा गया है। पूरी तरह से निशुल्क इस कोचिंग क्लास के मे नगर व ग्रामीण क्षेत्र के बच्चो की उपस्थती लगातार बढ रही है। प्रशिक्षक पुरुषोत्तम साहू जिसका कार्यक्रम में तहसील सचिव धनराज साहू, उपाध्यक्ष शिवराम साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, संगठन सचिव सुरेंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू प्रशिक्षक, ताम्रध्वज साहू, विपला दास साहू, भागवत साहू, कृतलाल साहू, सांवल दास साहू, सुन्दरलाल साहू, हिंमाचल साहू, पिताम्बर साहू, लोकेश देवांगन, इन्दरसेन साहू, गिरधारी साहू, कृष्ण कुमार साहू, आदि सहित अधिकारी कर्माचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, बच्चें व उनके पालक सम्मलित हुए। कार्यक्रम का संचालन अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के तहसील संयोजक एन डी साहू ने किया तथा आभार गुमान साहू ने किया।

## जनसुरक्षा योजनाओं का विशेष अभियान हुआ शुरू

रायपुर। केंद्र सरकार ने जन सुरक्षा योजनाओं में सभी पात्र नागरिकों को शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का विशेष अभियान शुरू किया है। यह अभियान 15 अक्टूबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक चलेगा।

### मुख्य विशेषताएं:-

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाः 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख तक का दुर्घटना बीमा योजना हे। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना मे 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख तक का मृत्यु बीमा दिया जाता है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति छत्तीसगढ़ के उप महाप्रबंधक राकेश कुमार सिन्हा ने बताया की प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ 18 से 70 वर्ष तक के आयु के सभी लोग ले सकते हैं। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति छत्तीसगढ़ के सहायक महाप्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने बताया की छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के 11,656 ग्राम पंचायतों में कैंप आयोजित किए जाएंगे। सम्बंधित बैंकों और अग्रणी बैंक अधिकारियों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल बनाया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ की 14 सदस्यीय मीडिया टीम त्रिपुरा राज्य के लिए कल होगी रवाना

रायपुर (दावा)। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), भारत सरकार, रायपुर के नेतृत्व में त्रिपुरा राज्य में भारत सरकार प्रवर्तित लोक कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन एवं प्रगति के अवलोकन के साथ ही साथ राज्य के कला, संस्कृति और विरासत को जानने व समझने के लिए छत?तीसगढ़ की 14 सदस्यीय मीडिया टीम कल, 22 अक्टूबर, 2024 को त्रिपुरा के लिए रवाना होगी। इस टीम में प्रिंट-मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक-मीडिया और ऑनलाइन-मीडिया के प्रतिनिधिगण और पीआईबी-रायपुर के ऑफिशियल्स शामिल हैं। छत्तीसगढ़ की मीडिया टीम 22 से 28 अक्टूबर, 2024 तक त्रिपुरा राज्य का भ्रमण करेगी। भ्रमण के दौरान मीडिया टीम इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) एवं लैंड पोर्ट अगरतला, उज्जयंता पैलेस, माताबारी (त्रिपुर सुंदरी) मंदिर, सोनामुरा, गोमती नदी इंडो-बांग्ला जलमार्ग जेटी, इंडो-बांग्ला सीमा बाड़, इंडो-बांग्ला बार्डर-जीरो पॉइंट, नीरमहल, रबर बागान-बागमा, ओएनजीसी त्रिपुरा पावर प्लांट-पलाटना, राष्ट्रीय बांस मिशन परियोजनाएं, औद्योगिक रबर पार्क-बोधजंगनगर, पैलेस संग्रहालय/एम्पोरियम (पुरबाशा), एल्बर्ट एक्का युद्ध स्मारक, ओएनजीसी त्रिपुरा नैचुरल गैस संयंत्र, जैव और सौर गांव, इंडो-बांग्ला बार्डर रिट्रीट समारोह, एकीकृत आपातकालीन कमांड नियंत्रण केंद्र, अगरतला और नीपको बिजली संयंत्र का भ्रमण करेगी। इसके अलावा मीडिया टीम, त्रिपुरा राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेगी।

# विधायक ने निर्माण कार्यो का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



खुज्जी (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रैनूटोला (आमाटोला) विकास खंड अ.चौकी में सामुदायिक भवन के लोकार्पण एवं सामुदायिक भवन (शीतला मंदिर के पास) के भूमिपूजन कार्यक्रम में लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू विधायक खुज्जी के कर कमलों द्वारा सरस्वती माता की विधिवत पूजा अर्चना कर सामुदायिक भवन का लोकार्पण किए।

साथ ही ग्राम में स्थापित शीतला मंदिर में दर्शन कर क्षेत्रवासियों के लिए खुशहाली, सुख शांति, समृद्धि की कामना की।विधायक ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन करते हुए कहा कि गांव का विकास उनकी प्राथमिकता है इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं।

विधायक श्री साहू ने कहा कि यह सामुदायिक भवन स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा जहा सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक सहित विभिन्न गतिविधियों में भाग ले सकेंगे. यह भवन न केवल सामाजिक मेलजोल का स्थान होगा बल्कि इसमें शैक्षणिक, संस्कृति और खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया जा सकेगा। इस शुभ अवसर पर रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष नगर पंचायत अ.चौकी, श्रीमती लीला बाई चन्द्रवंशी, ग्राम सरपंच, उदेराम साहू अध्यक्ष किसान कांग्रेस, परस राम पटेल, ग्राम पटेल, लक्ष्मण मिरी, बाला राम मिरी ग्राम प्रमुख, बलिराम मिरी, सेवक राम चन्द्रवंशी, श्रीमती रोहणी साहू पंच, अमृत बाई, रामकुमारी गंधर्व, घनश्याम चन्द्रवंशी, बिसेसर सिंह मण्डावी, सीताराम साहू, धनसाय चन्द्रवंशी, दशरथ सिंह, सेवा निवृत शिक्षक, कार्तिक राम, राजकुमार सहारे (मंच संचालक) एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## युवाओं के हुनर को पंख देने कौशल पखवाड़ा का आयोजन

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देशानुसार जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी के विकासखण्ड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत चिल्हाटी में जिला कौशल विकास प्राधिकरण के द्वारा कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर, टेलर, मेशन, वर्मी कम्पोस्ट, गार्डनर, सूर्य मित्र, वेल्डिंग, मशरूम, इलेक्ट्रिकल इत्यादि विषयों के सम्बन्ध में युवाओं को जनपद पंचायत, कृषि विभाग, क्रेड़ा, उद्यानिकी विभाग, श्रम विभाग द्वारा जानकारी एवं काउंसलिंग किया गया। कौशल पखवाड़ा में पंचायत क्षेत्र के युवाओं ने भाग लिया। कौशल पखवाड़ा में जनपद पंचायत, उद्यानिकी, कृषि, क्रेड़ा, श्रम के अधिकारी/कर्मचारी, साथ ही बिहान योजना से लखपति दीदी भी उपस्थित रहे।

# महर्षि वाल्मीकि अलंकरण से सम्मानित हुए नादान



राजिम (दावा)। आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के अवसर पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य एवं साप्ताहिक छत्तीसगढ़ साथी के संयुक्त तत्वाधान में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन का आयोजन रविवार को गोंडवाना भवन धमतरी में आयोजित किया गया। जिसमें राजिम अंचल के बहुमुखी प्रतिभा के धनी युवा साहित्यकार, गायक, उद्घोषक, गीतकार एवं शिक्षक तुषार शर्मा नादान को उनके साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य हेतु महर्षि वाल्मीकि ज्ञान रत्न अवॉर्ड 2024 की मानद उपाधि के सर्वोच्च अलंकरण से सम्मानित किया गया।

उक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से साहित्य, समाज सेवा, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक सेवा में कार्य करने वाले विभूतियों का भी सम्मान किया गया। विदित हो कि तुषार शर्मा नादान बहुत ही कम उम्र से अपनी रचनाओं के माध्यम से जनमानस को प्रभावित करते रहे हैं, साथ ही साथ मानस मंचों एवं धार्मिक आयोजनों में अपनी गायन प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। कुशल उद्घोषक होने के साथ-साथ इनके द्वारा रचित आधा दर्जन गीत व भजन अब तक यूट्यूब पर प्रसारित हो चुके हैं एवं उनकी रचनाएं भारत के विभिन्न राज्यों सहित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि यह संस्था विगत 40 वर्षो से अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान करती आ रही है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार श्रवण, विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के संस्थापक संजय कुमार मैथिल, श्रीमती मीना भारद्वाज (अध्यक्ष शि.क.प्र.अकादमी) एवं श्रीमती सुशीला देवी वाल्मीकि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के प्रांत अध्यक्ष जी आर बंजारे ज्वाला ने की। तुषार शर्मा नादान की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ साहित्यकार मकसूदन राम साहू बरीवाला, सालिकराम शर्मा सरसिज, मोहनलाल साहू मानिकपन, डॉ. रमेश कुमार सोनसायटी, श्रवण कुमार साहू प्रखर, संतोष कुमार सोनकर मंडल, प्रदीप कुमार साहू कुंवर दादा, तुकाराम कंसारी संघर्ष, उर्दू के ख्यातिनाम शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर, सुश्री प्रिया देवांगन प्रियू, युगल किशोर साहू जिज्ञासु, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक किशोर निर्मलकर, पुरुषोत्तम मिश्रा सहित समस्त शुभचिंतकों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# व्यवस्था बनाये रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी, सफेद पट्टी को पार करके गाड़ी रखने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर - एसपी ने ठेला वाले, पसरा, घुमंतु ठेला व चेम्बर की बैठक

## पार्किंग व्यवस्था, आवागमन सुविधा, यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत फुटकर व्यापारियों व प्रतिनिधियों की ली बैठक



○ व्यवस्था बनाए रखने के लिए ओव्हर ब्रिज के नीचे की गई पार्किंग व्यवस्था, दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए सभी पसरा वाले निर्धारित स्थानों में लगाएंगे अपनी दुकान

○ सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक मार्केट में चार पहिया वाहन रहेंगे प्रतिबंधित, ओव्हर ब्रिज के नीचे पार्किंग तथा ठेला लगाने के लिए स्थान निर्धारित, नियमों का पालन नहीं करने तथा अव्यवस्था की स्थिति बनने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शहर में पार्किंग व्यवस्था, आवागमन सुविधा, यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत ठेला वाले, पसरा, घुमंतु ठेला, ई-रिक्शा, फुटकर व्यापारी, ऑटोवाले तथा चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधियों की बैठक ली तथा बेतरतीब पार्किंग व्यवस्था को सुधारने के लिए मंथन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शहर हमारा है और हमारी यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि ठेला लगाने के लिए एक निर्धारित स्थान की व्यवस्था की जा रही है।

शहर के ऐसे स्थान जहां ज्यादा भीड़ होती है, वहां व्यवस्था बनाए रखने के लिए ओव्हर ब्रिज के नीचे पार्किंग की व्यवस्था होगी। साथ ही ओव्हर ब्रिज के नीचे ठेलेवालों के लिए निर्धारित स्थल पर दुकान लगाएंगे। उन्होंने कहा कि दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए सभी पसरा वाले निर्धारित स्थानों में अपनी दुकान लगाएंगे। उन्होंने कहा कि गुरूनानक चौक, मण्डी के पीछे, फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग की व्यवस्था रहेगी, जिस पर सभी ने सहमति जतायी। गंज चौक, भारत माता चौक से चार पहिया वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घुमंतु ठेलेवाले एक निर्धारित स्थान पर अपना स्थायी ठेला लगाएंगे। छोटी-छोटी गलियों में कार, ई-रिक्शा एवं अन्य चार पहिया वाहन वन वे में चलेंगे। उन्होंने कहा कि मार्केट में सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ऐसे वाहन जो निर्धारित लाईन में नहीं रहेंगे। उनका चालान काटने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधियों से कहा कि ऐसे स्थान जहां ज्यादा भीड़ होती है, वहां कुछ वालिंटियर की ड्यूटी लगाएं।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि मार्केट को ज्यादा फैलाने पर अव्यवस्था होगी और पार्किंग भी फैलेगी। जिससे ग्राहकों एवं उपभोक्ताओं को आवागमन में असुविधा होगी। उन्होंने कहा कि दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए ओव्हर ब्रिज के नीचे पार्किंग के लिए स्थान निर्धारित कर रहे हैं तथा वहीं ठेला लगाने के लिए भी एक निर्धारित स्थान रहेगा। इसके साथ ही गुरूद्वारे के पास भी ठेला लगाने के लिए एक निश्चित स्थान होगा। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने तथा अव्यवस्था की स्थिति बनने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और चालान काटने एवं रोकने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कोई भी ठेला वाले नियमों में ढिलाई नहीं बरतेंगे। व्यवस्था बनाये रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम द्वारा बनाये गए सफेद पट्टी को पार करके गाड़ी रखने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें उपभोक्ताओं के साथ ही दुकानदारों पर भी चालानी कार्रवाई की जाएगी। सभी को नियमों का पालन करना होगा। सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक मार्केट में चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं एवं वाहनों का आवागमन बाधित नहीं हो, इसके लिए दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए एक सप्ताह के लिए ऐसी व्यवस्था की जा रही है। यदि इससे अच्छी व्यवस्था बनी रही तो बाद में इस तरह की व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पसरा लगाने वालों के लिए दिन निर्धारित होना चाहिए। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने कहा कि सभी दुकानदार पसरा कहीं और शिफ्ट करें, ताकि लोगों को आने-जाने में असुविधा नहीं हो। बड़े दुकानदार पार्किंग की व्यवस्था के लिए निर्धारित स्थान को अन्य कार्य के लिए उपयोग नहीं करें। उन्होंने कहा कि मार्केट में वाहन नहीं रखें, इसके स्थान पर ओव्हर ब्रिज के नीचे रखें, जिससे यातायात का दवाब कम होगा। उन्होंने कहा कि नैतिक कर्तव्य समझते हुए पार्किंग के कार्य को अन्य कार्य में उपयोग नहीं करें तथा अनुशासन में रहते हुए यातायात के नियमों का पालन करें। पार्षदगणों ने कहा कि सभी छोटे व फुटकर व्यावायियों के व्यापार का अहित नहीं हो।

आपस में मिलकर समस्या के समाधान करने की आवश्यकता है। इस दौरान सभी ठेले, पसरा फुटकर व्यापारियों से व्यवस्था सुधारने के लिए गहन चर्चा की गई। सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, ठेला वाले, पसरा, घुमंतु ठेला, ई-रिक्शा, फुटकर व्यापारी, ऑटो वाले उपस्थित रहे।

# दस्तावेज लेखक व स्टांप वेंडरों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों के संदर्भ में लगाए नारे



राजनांदगांव (दावा)। जिला तहसील कार्यालय के दस्तावेज लेखकों व स्टांप विक्रेताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के सामने अपनी मांगों के संदर्भ में धरना प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी लगातार और अपनी आवाजें बुलंद की।

बता दें कि जिले के तहसील कार्यालय में कार्यरत दस्तावेज लेखकों व स्टाम्प विक्रेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर शासन द्वारा अंचल संपत्ति की खरीदी बिक्री के संबंध में रजिस्ट्री कराने को लेकर लागू किए जाने वाले नए नियम के संबंध में विरोध प्रकट करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। और उनकी मांग नहीं मानी जाने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दें दी गई थी।

उक्तानुसार सोमवार को छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर अपनी मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में चले गए हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगी पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जिले के दस्तावेज लेखकों व स्टाम्प वेंडरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से तहसील कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं अपने संपत्ति जायदाद संबंधी रजिस्ट्री कार्य हेतु तहसील कार्यालय में आने वाले लोगों को बैरंग वापिस लौटना पड़ा। अब यह स्थिति कब तक बनी रहेगी कुछ कहा नहीं जा सकता।

बहरहाल अभी तहसील कार्यालय में सन्नाटे की स्थिति बनी हुई है। हालांकि दूसरे अन्य काम काज चल रहे हैं लेकिन दस्तावेज लेखकों व स्टाम्प वेंडरों के हड़ताल में चले जाने से तहसील कार्यालय की रौनक में कमी देखी जा रही है। अब जब तक इनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती, तब तक तहसील कार्यालय का माहौल ऐसा ही बना रहेगा। जमीन सम्पत्ति संबंधी रजिस्ट्री कार्य में अवरोध बनी रहने से लोगों को खासी परेशानी होना निश्चित है।

# पनियाज़ोब डैम में गुमशुदा युवक की तीन दिन पुरानी लाश मिली

## संदिग्ध अवस्था में मिली लाश को देर रात पोस्टमार्टम के लिए राजनांदगांव रेफर किया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। विगत तीन दिनों से गुमशुदा 29 वर्षीय युवक की लाश पनियाजोब डैम के अंदरूनी भाग में संदिग्ध अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। सोमवार की सुबह परिजनों को जानकारी मिलते ही वे प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण करने दिनभर कोशिश करते रहे। किंतु पूर्णतः सड़ चुकी लाश का पोस्टमार्टम डोंगरगढ़ सीएससी सेंटर में नहीं हो पाने के कारण बीएमओ डॉ. बी पी एक्का द्वारा लाश को पोस्टमार्टम हेतु राजनांदगांव रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि डैम के जिस भाग में लाश मिली एवं उसी के पास साइकिल एवं कपड़े सहित मृतक युवक की अन्य सामग्री भी मिली थी।

जिस मार्ग में पैदल चलना मुश्किल था उस मार्ग में युवक का साइकिल लेकर जाना संदिग्ध जान पड़ रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। परिजनों एवं सामाजिक गणों द्वारा शोक व्यक्त किया है।

परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 वर्षीय थॉमस नयगम उर्फ राजा, 17 अक्टूबर की सुबह काम पर जा रहा हूं बोलकर सुबह 10 बजे घर से निकला था। खैरागढ़ मार्ग पर स्थित कर्बला चौक निवासी मृतक युवक स्थानीय सुरेश इलेक्ट्रिक प्रतिष्ठान में विगत अनेक वर्षों से कार्यरत था। स्वभाव से सरल सहज मृतक युवक की लाश डैम में पानी में तैरती हुई दिखाई दी। जिसकी सूचना बोरतलाव पुलिस को दी गई। जिसके बाद थाना प्रभारी अपने अमले के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को बाहर निकाला गया। प्राप्त जानकारी अनुसार युवक के शरीर पर कपड़े नहीं थे। और बॉडी बहुत ज्यादा सड़ चुकी थी। पास में ही एक साइकिल, मोबाइल और कुछ कपड़े भी बरामद हुए हैं। मृतक की प्रारंभिक शिनाख्त डोंगरगढ़ पुलिस थाने में दर्ज गुम इंसान के रूप में की गई है। जो 17 अक्टूबर को अपने घर से गायब था। परंतु पुलिस अभी शव के पीएम और विस्तृत जांच कराने की बात कह रही हैं। शव सड़ी गली अवस्था में मिला है जिसे देख कर केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है इसलिए पुलिस अपनी ओर से जांच में कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रही है।

# फैक्ट्री के वाहन से मौत के शिकार हुए मृतक के शव को रखकर परिजनों ने किया सड़क पर धरना प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। वाहन में एक्सीडेंट का शिकार होकर मौत के मुंह में समां गए अपने भाई का शव सड़क पर रखकर मृतक के परिजनों ने 5 घंटे सोमवार को सड़क पर आकर धरना प्रदर्शन किया गया। इससे बड़ी देर यातायात अवरोध की स्थिति बनी रही।

बताया जाता है कि अपने 22 वर्षीय भाई महेंद्र कुमार की हुई मौत के संबंध में उनके परिजनों द्वारा सोमवार को सड़क पर आकर धरना प्रदर्शन किया गया। मृतक के भाई का कहना है कि एबीसी कंपनी द्वारा मृतक के परिवार को मुआवजा देने विलंब किया जा रहा है, वहीं प्रशासन भी इसे लेकर गंभीर नहीं है। बताया जाता है कि उसके भाई का एक्सीडेंट कर उसे मौत की मुंह में पहुंचाने वाला वाहन चिल्हाटी पुलिस थाने में रखा हुआ है। मृतक के भाई ने प्रशासन से एबीसी कंपनी के द्वारा जल्द ही मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। मृतक के परिवार द्वारा मृतक के शव को सड़क पर रखकर 5 घंटे तक किए गए धरना-प्रदर्शन से अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इससे यातायात को लेकर लोगों को परेशानी भी हुई।

# धान की फसल में कीट व्याधि व माहो रोग का बढ़ा प्रकोप, रोग से झूलसे धान लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

## किसानों ने की फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति व बीमा राशि की मांग



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों मौसम में आए बदलाव की वजह से धान के फसल में कीट व्याधि व माहो रोग का प्रकोप बढ़ गया है। इससे अंचल के किसान खासे परेशान हैं। बता दें कि किसानों के जांगर तोड़ मेहनत पश्चात प्राप्त होने वाली धान की फसल में मौसम में आई खराबी की वजह से कीट प्रकोप बढ़ गया है। वहीं माहों रोग भी फसलों को खराब कर रहा है। इससे किसान खासे परेशान हैं क्योंकि इन लोगों के चलते किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। धान की फसल में कीट व्याधि व माहों रोग होने से परेशान कृषकों ने सोमवार को कीट व्याधि प्रभावित धान फसल को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां कीट प्रकोप से खराब हुए धान फसल के मुआवजे की मांग की।

बता दें कि रविवार को जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर व ग्राम पंचायत घुमका के सरपंच श्रीमती फूलवती वर्मा के नेतृत्व में 40 से 50 की संख्या में कीट प्रकोप व रोग से हुए फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति एवं बीमा राशि में प्रदान किए जाने की मांग को लेकर जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर व एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया है और कहा कि हमें इसकी क्षतिपूर्ति दिया जाए। किसानों की उक्त परेशानी व मांग को देखते हुए कलेक्टर ने कहा कि इसकी जानकारी छत्तीसगढ़ शासन को भेजा जाएगा। कलेक्टर के उक्त आश्वासन के पश्चात जिला पंचायत सदस्य श्री श्यामकर व सरपंच श्रीमती वर्मा के साथ सभी किसान लौट आए। इन जनप्रतिनिधियों के साथ कीट प्रकोप से प्रभावित धान फसल को कलेक्टर व कृषि विभाग को दिखाने का उद्देश्य किसानों की तत्संबंधित परेशानी को प्रशासन तक लाना व प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाया जाना है।

# झाड़ीखैरी सरपंच के खिलाफ ग्रामवासियों ने फिर से खोला मोर्चा, बर्खास्तगी की मांग

## पंचायत चुनाव बहिष्कार की चेतावनी, प्रेसवार्ता में ग्रामीणों का सरपंच पर कलेक्टर की मेहरबानी का आरोप, लगातार फर्जीवाड़ा किए जा रहा सरपंच, कांग्रेसी नेता का मिल रहा वरदहस्त




राजनांदगांव (दावा)। झाड़ीखैरी पंचायत के सरपंच द्वारा कथित रूप से की जा रही। फर्जीवाड़ा का मामला एक बार फिर गरमाया हुआ है। सप्ताह भर पूर्व झाड़ीखैरी के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव किया था। इस दौरान ग्राम झाड़ीखैरी के सरपंच के खिलाफ 19 लाख रुपए की रिकवरी किए जाने की जानकारी सरपंच के खिलाफ मोर्चा खोले ग्रामीणों को हुई थी। इस संबंध में सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर झाड़ी खैरी के ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच के केवल 16 महिने के कार्यकाल में 19 लाख रुपए की रिकवरी की बात प्रशासन द्वारा जांच में सामने आई है तब तो सरपंच द्वारा अभी तक कराए जा रहे पंचायत के विभिन्न कार्यो में फर्जीवाड़े की जांच क्यों नही करवाई जा रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच हेमसिंह निर्मलकर ने अभी तक कराए जा रहे पंचायत के विभिन्न कार्यों में और भी अधिक राशि की गड़बड़ी की है। जिसकी जांच कराई जानी आवश्यक है। पत्रकार वार्ता में ग्राम पंचायत झाड़ी खैरी के गोलू साहू, चंद्रशेखर साहू, बसंत कुमार तितराम आदि द्वारा झाड़ी खैरी सरपंच पर कलेक्टर की मेहरबानी का भी आरोप लगाया गया और कहा कि न जाने क्यों कलेक्टर सरपंच हेमसिंह निर्मलकर पर मेहरबान है। इस मेहरबानी के चलते झाड़ी खैरी पंचायत में लाखों रुपए के फर्जीवाड़ा करने वाले सरपंच हेमसिंह को प्रशासन द्वारा बचाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने सरपंच हेम सिंह को कांग्रेसी नेता नवाज खान का वरदहस्त प्राप्त होने की बात कही और कहा कि प्रशासन में नवाज खान का दबदबा होने की वजह से पांच साल तक प्रदेश की सत्ता में रही कांग्रेस ने सरपंच हेम सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। अब जब प्रदेश में भाजपा की सरकार है तो झाड़ी खैरी के लोगो को एक उम्मीद बंधी थी कि ग्राम पंचायत झाड़ी खैरी में लाखों की फर्जीवाड़ा करने वाले सरपंच हेमसिंह पर प्रशासन की गाज गिरेगी, लेकर प्रशासन ही उसे बचाने पर तुला हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इतने साल से ग्राम पंचायत झाड़ी खैरी में लाखों की फर्जीवाड़ा करने वाले सरपंच पर जांच नहीं बिठाई गई व मात्र 19 लाख की रिकवरी दिखा कर उसे अभयदान दे दिया गया तो ग्राम पंचायत झाड़ी खैरी के सैंकड़ों ग्रामीण आने वाले पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने बाध्य होंगे।

### 0 सरपंच ने लगाया फर्जी बिल

प्रेस वार्ता में बताया गया कि आवेदकगण सुन्दरी बाई एवं अन्य ग्रामवासी ग्राम पंचायत झाडीखैरी, जनपद पंचायत छुरिया द्वारा सरपंच झाडीचौरी के विरुद्ध 14वें व 15 वें वित्त की राशि के विरुद्ध फर्जी मस्टर रोल एवं फर्जी बिल वाउचर के द्वारा किए गए व्यय की जांच एवं भौतिक सत्यापन हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कार्यालय के शिकायत की जांच हेतु संयुक्त जांच दल गठित किया गया। गठित जांच दल द्वारा संयुक्त रूप से आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र में उल्लेखित तथ्यों की जांच कर, जाँच प्रतिवेदन की मूल नस्ती आवश्यक कार्य हेतु प्राप्त होने पर सरपंच ग्राम पंचायत झाडीखैरी के विरूद्ध छ.ग.पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 की कार्यवाही प्रारंभ की गई। प्रस्तुत शिकायत में आदिम जाति सोसाइटी की नवीन धान खरीदी केन्द्र में फर्जी मस्टररोल लगाया जाना, जिसमें सरपंच अपने परिवार के सदस्यों का मजदूरी बिल निकाला गया, जिसमें ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी के ग्रामवासी द्वारा जन सहयोग से कार्य किया गया था। सरपंच अपने परिवार के सदस्यों का फर्जी मस्टररोल भरा है। चंद्रवंशी बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स पेंड्री द्वारा लगभग 2019-20 में 3,00,000 रू. का फर्जी मुरूम ढुलाई का बिल लगाए है जो पूर्णतया फर्जी है जिसका भौतिक सत्यापन होना चाहिए. वर्ष 2021-22 मई चंद्रवंशी बिल्डिंग मटेरियल पेंड्री का लगभग दो लाख का मुरूम जुलाई का बिल लगाएं जो पूरी तरह का फर्जी है और मुरम लाइन नियम में नहीं है दोनों पंचायत में कहीं भी मुरूम की ढुलाई नहीं हुआ है। हरि ओम ट्रेडर्स द्वारा लगभग दो लाख का बिल, कचरा दुलाई का लगाया गया है जिसमें कोई भी काम नहीं है। 11 बिल पूरी तरीके से फर्जी है। पंचायत चुनाव का बहिष्कार ग्रामीणों ने प्रेस वार्ता में बताया कि ग्राम पंचायत झाडीखैरी जनपद पंचायत में हम सब ग्रामवासियों ने झाडीखैरी सरपंच के खिलाफ लगातार 3 वर्षो तक उसके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए शासन प्रशासन से लड़ाई लड़ रहे हैं परंतु पूर्व में कांग्रेस शासन होने के कारण कांग्रेस के बड़े नेताओं का संरक्षण सरपंच झाडीखैरी को प्राप्त था। इसके बावजूद भी हमारी लड़ाई लगातार जारी रही और आज बीजेपी सरकार आने के बाद भी लगभग 9 महीने तक अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव, कलेक्टर और बीजेपी सरकार से जुड़े सभी नेताओं के पास जाने के बाद तहसीलदार द्वारा तत्संबंधित जांच किया गया। उक्त जांच को अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव 4 महीने तक रोक कर रखा गया था।

हम सभी ग्रामवासियों द्वारा एसडीएम ऑफिस धरना प्रदर्शन करने के बाद लगभग 19 लाख रूपए की वसूली योग्य राशि जो सरपंच का मात्र 16 महीने के कार्यकाल का है को अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव ने आदेश किया है। परंतु कलेक्टर की ऐसी क्या मजबूरी या साठगांठ है जिससे सरपंच झाडीखैरी को धारा 40 के तहत बर्खास्त नहीं किया जा रहा और न एफआईआर दर्ज किया गया, जबकि सरपंच झाडीखैरी को दोषी मानते हुए उन पर 19 लाख रू की वसूली योग्य राशि निकाल ली गई।

ग्रामीणों ने बताया कि 15 अक्टूबर को वसूली योग्य राशि की आदेश अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव द्वारा किया गया है, और 17 अक्टूबर को धारा 40 में कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन 3 नवंबर के तारीख पर पेशी दी गई है। ग्रामवासियों का कहना है कि जब झाड़ीखैरी सरपंच के मात्र 16 महिने के कार्यकाल में 19 लाख की घोषित फर्जीवाड़ा हुआ है तो अब तक के कार्यकाल में न जाने कितने करोड़ का फर्जीवाड़ा किया होगा।

इस फर्जीवाड़े की जांच की मांग ग्राम पंचायत वासियों द्वारा की जा रही है और जांच के चलते सरपंच हेम सिंह की बर्खास्तगी की मांग की जा रही है लेकिन न जाने किसके दबाववश प्रशासन सरपंच को बचाने में तुला हुआ है। झाड़ीखैरी पंचायत के उप सरपंच सुंदरी बाई, पंच दुकलहीन बाई राधा बाई लता बाई नैन बाई आदि सहित, फुलेश कुमार, पूर्व सरपंच जगतुराम, संतोष तारण, भूतपूर्व सरपंच चमार राय, पूर्व पंच कमलेश कुमार आदि का कहना है कि यदि झाड़ी खैरी सरपंच की बर्खास्तगी नहीं हुई व उसके द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़ा का त्वरित जांच नहीं किया गया तो झाड़ी खैरी के आश्रित ग्राम बीजेपार वालों के साथ समस्त ग्रामवासी आगामी पंचायत चुनाव का पूरजोर तरीके से बहिष्कार करेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com